संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 274 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**फास्ट न्यूज**

## सिक्किमः त्रासदी के आठवें दिन 461 लोगों को बचाया गया

गंगटोक :भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने गुरुवार को उत्तरी सिक्किम से फंसे कुल 461 लोगों को बचाया। वायु सेना के विमानों ने आज मंगन के रिंगहिम हेलीपैड पर 10, लिबिंग में सेना के हेलीपैड पर 5 और पाकिम ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर 6 उड़ानें भरीं। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, उत्तर सिक्किम से 75 लोगों को मंगन के रिंगहिम हेलीपैड पर लाया गया, जिनमें 17 पर्यटक, 55 स्थानीय और 3 कर्मचारी शामिल हैं। इस तरह 99 लोगों को राजधानी गंगटोक के लिबिंग स्थित सेना के हेलीपैड पर लाया गया, जिनमें 85 पर्यटक, 12 स्थानीय और 2 सेना के जवान शामिल हैं। इसी तरह, कुल 287 लोगों को पाकिम ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर लाया गया, जिनमें लाचेन से 138 और लाचुंग से 126 लोग शामिल थे। लाचेन से 6 और लाचुंग से 17 स्थानीय लोगों को भी लाया गया है।

## भारत की संस्कृति व विरासत सदा महान रही: मोहन भागवत

**हिसारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि भारत की संस्कृति एवं विरासत सदा महान रही है, जिसका अनुसरण पूरे विश्व ने किया है। हम हर क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं। हमें अपनी ताकत पहचान कर आगे बढ़ना होगा।

# देवभूमि को पीएम मोदी की सौगात

= 'आज का भारत डरी हुई सोच से आगे बढ़ा', 'आज दुनिया भारत की ताकत को देख रहा': मोदी ने कैलाश दर्शन किए, यहां जाने वाले पहले पीएम, पिछली सरकारों को बॉर्डर पर डर लगता था, आज का भारत डरी हुई सोच से आगे बढ़ा

**नमो..नमो**

8 हमने सीमावर्ती गांवों को अंतिम नहीं, बल्कि देश के पहले गांव के रूप में विकसित करना शुरू किया है

**टीम एक्शन इंडिया/पिथौरागढ़**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक दिन का उत्तराखंड का दौरा किया। यहां उन्होंने सबसे पहले पिथौरागढ़ में कैलाश व्यू पॉइंट से आदि कैलाश के दर्शन किए। फिर भारत-चीन सीमा से सटे गुंजी गांव गए। बाद में अल्मोड़ा में जागेश्वर धाम पर माथा टेका। दिन के अंत में पीएम ने पिथौरागढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- हमने सीमावर्ती गांवों को अंतिम नहीं, बल्कि देश के पहले गांव के रूप में विकसित करना शुरू किया है। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत, ऐसे ही सीमावर्ती गांवों का विकास किया जा रहा है। ये काम पहले की सरकारों द्वारा भी किया जा सकता था। लेकिन पहले की सरकारों ने इस डर से बॉर्डर एरिया का विकास नहीं किया कि कहीं दुश्मन इसका फायदा उठाकर अंदर ना आ जाए। आज का नया भारत, पहले की सरकारों की इस डरी हुई सोच को पीछे छोड़कर आगे बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी देश के पहले पीएम हैं, जिन्होंने उत्तराखंड से लगी भारत-चीन सीमा पर आदि कैलाश पर्वत का दर्शन किया। मोदी बोले- दूर पहाड़ों पर जो लोग रहते हैं हमने उनकी भी चिंता की इसलिए सिर्फ 5 साल में देश में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। ये इस बात का उदाहरण है कि भारत अपनी गरीबी मिटा सकता है। पीएम ने कहा- पहले नारा दिया जाता था कि गरीबी हटाओ, मोदी कह रहा है कि हम मिलकर गरीबी हटाकर रहेंगे। हम जिम्मेदारी लेते हैं और जी-जान से जुट जाते हैं।



## सेब खेती और पालीहाउस से बदलेगी उत्तराखंड की तकदीर और तस्वीर

**टीम एक्शन इंडिया/पिथौरागढ़**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पिथौरागढ़ में उत्तराखंड की चार हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया। सर्वाधिक धनराशि सघन सेब की खेती और पालीहाउस लगाने के लिए दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करते हुए कहा कि उनकी सरकार पहाड़ का पानी और जवानी, पहाड़ के काम नहीं आने के कहावत को पूरी तरह बदल देगी। पिथौरागढ़ स्टेडियम में योजनाओं का रिमोट से लोकार्पण और शिलान्यास करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में चार हजार करोड़ के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इन कार्यों से गांवों को बेहतर कनेक्टिवटी दी जायेगी, लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किये जायेंगे। इससे पहाड़ के गांव बहुत जल्द पूरी तरह आबाद हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादन में राज्य को अग्रणी बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। सघन सेब खेती के लिए 809 करोड़ रुपए स्वीकृत किये गये हैं। बेमौसमी सब्जी उत्पादन के लिए राज्य में 21398 पालीहाउस बनाये जा रहे हैं, इस पर 304 करोड़ रुपए खर्च किये जायेंगे।

**इन कार्यों का हुआ शिलान्यास**

= एनएच 309 में बागेश्वर से कनालीछीना तक डबल लेन सड़क
= पिथौरागढ़- घाट- टनकपुर रोड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का ट्रीटमेंट कार्य
= प्रदेश के 74 गांवों को जोड़ने के लिए 22 मोटर पुल और 10 पैदल पुल
= एसडीआरएफ के लिये आपदा प्रबंधन उपकरण और अग्निशमन सेवाओं का विस्तार
= देहरादून में स्टेट इमरजेंसी आपरेशन सेंटर का उच्चीकरण
= नैनीताल बलियानाला में भूस्खलन रोकने को ट्रीटमेंट कार्य
= प्रदेश के बीस माडल डिग्री कालेज में 15 हास्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण
= अल्मोड़ा जनपद के सोमेश्वर में 100 बेड का चिकित्सालय
= चंपावत में 50 बेड का अस्पताल
= हल्द्वानी में एसट्रोटर्फ हाकी ग्राउंड
= रूद्रपुर में विलोड्रोम स्टेडियम

# मिशन इंद्रधनुषः 5.06 करोड़ बच्चों, 1.25 करोड़ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्रालय का नियमित टीकाकरण अभियान सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई 5.0) का इस साल का तीसरा चरण 14 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। वर्ष 2014 में शुरू इस अभियान के तहत अब तक कुल 5.06 करोड़ बच्चों और 1.25 करोड़ गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जा चुका है।
मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आईएमआई 5.0 का उद्देश्य नियमित टीकाकरण सेवाओं से छूटे हुए बच्चों और गर्भवती तक पहुंचाना था। इस वर्ष पहली बार यह अभियान देश के सभी जिलों में चलाया जा रहा है और इसमें 5 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। आईएमआई 5.0 अभियान का लक्ष्य राष्ट्रीय टीकाकरण अनुसूची के अनुसार सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम का कवरेज बढ़ाना है।




2023 तक खसरा और रूबेला उन्मूलन के लक्ष्य के साथ खसरा और रूबेला टीकाकरण कवरेज में सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके पहले आईएमआई 5.0 का पहला और दूसरा चरण क्रमशः 7-12 अगस्त 2023 और 11-16 सितंबर 2023 तक चलाया, यानी एक महीने में 6 दिन, जिसमें एक नियमित टीकाकरण दिवस भी शामिल है।

**टीकाकरण**

8 अब तक कुल 5.06 करोड़ बच्चों और 1.25 करोड़ गर्भवती महिलाओं को टीका लगाया जा चुका है

## सिक्किम आपदा में 87 हजार से अधिक लोग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सिक्किम में आई अचानक बाढ़ के बाद सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत व बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। आपदा के एक सप्ताह बाद फंसे लोगों को निकालने, विस्थापित करने, राहत सामग्री और मरीजों तक दवा पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस आपदा से अभी तक 3 हजार 448 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है। इस आपदा से 87 हजार 300 लोग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप

## गंगाजल और पूजा सामग्री जीएसटी के दायरे से बाहर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने स्पष्ट किया है कि 'गंगाजल' को जीएसटी से छूट दी गई है। सीबीआईसी ने कहा कि देशभर के घरों में पूजा में गंगाजल का उपयोग किया जाता है। इस पूजा सामग्री को भी जीएसटी के तहत छूट दी गई है। सीबीआईसी ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि पूजा सामग्री पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर जीएसटी परिषद ने 18-19 मई, 2017 और 3 जून, 2017 को क्रमशः 14वीं और 15वीं बैठक में पूजा सामग्री पर जीएसटी पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में ही उन्हें छूट सूची में रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए जीएसटी लागू होने के बाद से ही इन सभी वस्तुओं को जीएसटी से बाहर रखा गया है। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंगाजल पर कथित तौर पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की थी।



# अब क्लस्टर स्तर बनेगी शिक्षा विकास समिति

## सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों का होगा प्रतिनिधित्व

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दृष्टि से आयोजित क्लस्टर स्तरीय अधिकारियों की कार्यशाला का दूसरा बैच गुरुवार को राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल थानेसर के केशव सभागार में शुरू हुआ। इस बैच में पानीपत व महेन्द्रगढ़ जिलों के लगभग 300 अधिकारी भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उदघाटन डीईओ रोहतास वर्मा व डीईईओ विनोद कौशिक ने किया। कार्यशाला में चर्चा की गई कि पहले से सक्रिय क्लस्टरों को अब नई भूमिका में लाना है और अब क्लस्टर स्तर बनेगी शिक्षा प्रबंधन समिति का गठन किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने कहा कि आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है और नई जरूरतों के अनुसार



स्वयं को ढालना सभी का विशेषकर शिक्षा क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षक को अपना ज्ञान नियमित रूप से अपडेट करते रहना चाहिए। नई शिक्षा नीति के चैप्टर 7 के अंतर्गत क्लस्टर स्तर को और मजबूत करने पर बल दिया गया है और यह कार्यशाला उसी दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम को एक औपचारिकता के रूप में न लें बल्कि एक अवसर के रूप में देखें। डीईईओ विनोद कौशिक ने बताया कि इस कार्यशाला सभी अधिकारियों को क्लस्टर स्तर पर उन्मुखन कॉम्प्लेक्स, क्लस्टर विकास योजना और क्लस्टर विकास समिति के गठन की जानकारी दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त निपुण हरियाणा मिशन व क्लस्टर स्तरीय समीक्षा व निगरानी प्रणाली पर भी सभी पक्ष चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रदेश भर के 1418 क्लस्टर स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग एक नई व्यवस्था को लागू करने जा रहा है जिसके जहां स्कूलों की सभी जरूरतों को पूरा किया जायेगा । क्लस्टर के अधीन आने वाले सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों के बीच दूरियां कम होगीं। इसके लिए पहले से बनी कलस्टर व्यवस्था को ओर अधिक सशक्त किया जायेगा। इसके अलावा हर संकुल हैड को अपने संकुल की मैनेजमेंट कमेटी का गठन कर क्लस्टर डेवलपमेंट प्लान तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि क्लस्टर अब केवल औपचारिकता पूरी करने की कड़ी के रूप में काम नहीं करेंगे।

# शाहबाद में सफाई व्यवस्था फेल : कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा

**साधा निशाना**

**8 आज शाहबाद के किसी भी पार्क में या चौक पर जाकर देखिए गंदगी के ढेर लगे हुए हैं : रंगा**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहबाद (दलबीर मलिक)** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा ने कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो प्रोग्राम के तहत गांव बाडाम में जनसंपर्क अभियान चलाया । स्वीटी रंगा ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर हर वर्ग को मान सम्मान दिया जाएगा और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा । स्वीटी रंगा ने कहा कि आज शाहाबाद नगर में सफाई व्यवस्था फेल हो चुकी है।

आज शाहबाद के किसी भी पार्क में या चौक पर जाकर देखिए गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, जिसकी वजह से बीमारियों का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। शाहाबाद में नशा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है जिसके कारण अनेक युवा इससे ग्रस्त होते जा रहे हैं और अपने भविष्य को अंधकार में डाल रहे है। स्वीटी रंगा ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि समय रहते शाहबाद नगर की सफाई पर ध्यान देना चाहिए ताकि समय रहते बीमारियों पर रोकथाम लग सके।

इस अवसर पर विमला देवी, काजल,कोमल,मनीष कुमार, हरदयाल , लक्ष्मण सिंह ,ज्योति देवी कमला देवी उपस्थित रहे।

# 'अम्बाला में 15 अक्टूबर को एयरपोर्ट का शिलान्यास होने पर इतिहास रचा जाएगा'

**तैयारी**

**8 गृह मंत्री अनिल विज ने जैन स्कूल में भाजपा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया**





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार),**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि आगामी 15 अक्टूबर को अम्बाला में एयरपोर्ट का शिलान्यास होने पर इतिहास रचा जाएगा और आप सभी ऐतिहासिक क्षण हिस्सा बनने वाले हैं। यह एक नामुमकिन काम था जोकि अब मुमकिन हो रहा है। विज अम्बाला छावनी के लार्ड महावीर जैन स्कूल के सभागार में एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर को पहले नवरात्र पर एयरपोर्ट का शिलान्यास समारोह बेहतर हो इसका दायित्व हम सभी पर है और सभी को जोर-शोर से समारोह में सफल बनाने में जुट जाना चाहिए। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि एयरपोर्ट महत्वपूर्ण स्थान पर बन रहा है। अम्बाला छावनी कई राज्यों का केंद्र बिंदु है और यहां एयरपोर्ट बनने पर कई राज्यों से यात्री यहां से विमान सेवा का लाभ ले सकेंगे। अम्बाला छावनी में हरियाणा के अलावा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश लगता है और यह स्थान केंद्र बिंदु है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में अमेरिका से एक एयरलाइन कंपनी उनके पास आई थी जिसने अम्बाला से विभिन्न छोटे रुट पर विमान सेवा प्रारंभ करने की इच्छा जताई है, उन्होंने इस संबंध में एविएशन विभाग के पास कंपनी को भेजा है ताकि तकनीकी एवं अन्य पहलुओं पर वह विचार कर सकें। इस अवसर पर भाजपा नेता जसबीर जस्सी, ललित चौधरी, राजीव गुप्ता डिम्पल, किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह स्थल का मुआयना किया मंत्री अनिल विज ने प्रातः गृह मंत्री अनिल विज ने एयरफोर्स स्टेशन के निकट एयरपोर्ट के शिलान्यास समारोह स्थल का मुआयना अधिकारियों के साथ किया। गृह मंत्री अनिल विज ने यहां विशालकाय पंडाल, लोगों बैठने, मंच स्थल, पार्किंग स्थल एवं अन्य व्यवस्थाओं की अधिकारियों से जानकारी ली और दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# खरीफ सीजन के तहत जिला में की जा चुकी 92 हजार 881 मिट्रिक टन धान की खरीद

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से इनकी खरीद की जा रही है। सोनीपत जिला में 11 अक्टूबर सायं तक 92 हजार 881 मिट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें ग्रेड-ए 2834 मिट्रिक टन, पीआर कॉमन धान 322 मिट्रिक टन, बासमत्ती 110 मिट्रिक टन तथा 1509 किस्म 89 हजार 614 मिट्रिक टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केन्द्रों पर अब तक किसान 1027 मिट्रिक टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि धान व बाजरा की खरीद के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गई है। किसान के धान व बाजरे के क-एक दाने को खरीदा जाएगा।

# संदीप ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खोला सिलाई सेन्टर

**स्वागत किया**

**8 ग्रामीणों व महिलाओं द्वारा नेता संदीप गर्ग का गांव में पहुंचने पर स्वागत भी किया गया**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन,(दलबीर मलिक)** लाडवा हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव भगवानपुर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों व महिलाओं द्वारा नेता संदीप गर्ग का गांव में पहुंचने पर स्वागत भी किया गया।

नेता संदीप गर्ग ने कहा कि आज लड़कियें व महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूर्षो व युवाओं से पीछे नहीं है, आगे ही है। इसलिए उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हल्के के कई गांवो में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र खोले हैं ताकि लाडवा हल्के की हर महिला अपने आप कार्य कर अपने ऊपर आत्मनिर्भर रहे और अपने परिवार का पालन पोषण करने में सहयोग करें। उसी कड़ी में गांव भगवानपुर की महिलाओं के लिए सिलाई सेन्टर खोला गया है। जिसके कारण यहां की महिलाएं सिलाई सीख कर अपने घर पर लोगों के कपड़े बनाकर अपना रोजगार तो कर ही सकेगी। इसके साथ-साथ वह आत्मनिर्भर भी बनेंगे। वहीं ग्रामीण राहुल टंडन, प्रतिम नंबरदार, सुमित, सलिन्द्र सिंह आदि ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो यह नेक कार्य किये जा रहे हैं इनकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने में लगे हुए हैं उससे यह साफ हो रहा है कि इन्हें किसी भी बात का प्रलोभन नहीं है,
यह मात्र जनता की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं और 2024 के विधानसभा चुनाव में लाडवा हल्के से भारी मतों से जीताकर इन्हें विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। मौके पर सरपंच लक्ष्मण दास, महात्मा गुरपाल दास, सोनिया देवी, हिमाशी, रीतू, दीपा रानी, रेखा रानी, मनीषा रानी, मनजीत कौर, उषा रानी, बेबी देवी आदि मौजूद थे।

# खिलाड़ियों को अंधेरे में गाड़ियों की लाइट के बीच पड़ रहा है खेलना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत शहर** के खिलाडियों सुविधाओं की दरकार, खिलाड़ियो के नाम पर पार्षद, प्रसासन ,नेता सरकार आदि करते रहते है बड़े बड़े दावे कही न कही फेल दिखाई दे रहे है । राजीव गाँधी स्टडियम सेक्टर 4 में खिलाड़ियो के लिए मूलभूत सुविधाओं की खासी कमी देखने को मिली है । बीते 30 दिन से स्टेडियम से बिजली गायब है नेता व सबंधित अधिकारियों तक इस बात की सूचना सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम के द्वारा दी जा चुकी है । नेताओ की माने तो डी एस ओ को कहा गया तो हुड्डा विभाग के तहत आने की बात कही गयी ,हुड्डा



विभाग को सन्देश दिया गया तो बिजली विभाग के तहत समस्या का समाधान करवाने की बात हुई तो बिजली विभाग कहता है डी एस ओ के तहत यह कार्य होंगे । हर विभाग कही न कही अपनी जिम्मेदारीओ से पल्ला झाड़ता हुआ दिखाई दे रहा है । खिलाड़ी आखिर कब तक अंधेरे में खेलते रहेंगे । आखिर कब स्टेडियम में सौचालय आदि की सफाई समय पर होगी जहाँ बीमारियों के होने के खतरा लगातार बना हुआ है । चारो तरफ लंबी लंबी घास की वजह से खिलाड़ियों को हर समय जहरीले साँप आदि का डर भी बना रहता है । सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम ने सरकार व प्रसासन से अनुरोध किया है कि अगर आप खिलाडियो के सच्चे हितेशी है तो आप इन समस्याओं का जल्द समाधान करें।

# 'अब कुरुक्षेत्र से यात्री सरकारी एसी बस से कर सकेंगे चंड़ीगढ़, दिल्ली और हिसार का सफर'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि यात्रियों का सफर सुहाना बनाने के लिए सरकार ने एसी बस सेवा को शुरू किया है। इसके लिए कुरुक्षेत्र डिपो को 10 एसी बसे उपलब्ध करवाई जाएंगी। इनमें से 3 बसों को चंडीगढ़, दिल्ली और हिसार रुट पर शुरू कर दिया गया है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर क्षेत्र में लोगों को अनोखी सौगात देने का काम किया है। यह ऐतिहासिक क्षण है जब परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए एसी बस सेवा को शुरू किया है। विधायक सुभाष सुधा वीरवार को नए बस स्टैंड थानेसर से 3 एसी बसों को हरी झंडी देने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा व जीएम रोडवेज कुरुक्षेत्र सुखदेव सिंह ने बसों को हरी झंडी देकर रवाना किया। विधायक ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए

**हरी झंडी**

**8 ये तीनों बसे नए बस स्टैंड थानेसर से प्रतिदिन चलेंगी। एसी बसों में यात्रियों से 1 रुपए 52 पैसे प्रति किमी चार्ज लिया जाएगा**

कहा कि जिला कुरुक्षेत्र एक धार्मिक नगरी है, यहां पर पर्यटक दूर-दूर से आते है। यह पर्यटक जिला कुरुक्षेत्र से दिल्ली, चंडीगढ़, हिसार तक का रोजाना सफर करते है। इसलिए जनता की पुरजोर मांग पर हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा कुरुक्षेत्र से दिल्ली वाया करनाल, कुरुक्षेत्र से हिसार वाया कैथल व कुरुक्षेत्र से चंडीगढ़ वाया पिपली एक-एक बस चलाने के लिए शुरूआत की गई है। ये तीनों बसे नए बस स्टैंड थानेसर से प्रतिदिन चलेंगी। इन एसी बसों में यात्रियों से 1 रुपए 52 पैसे प्रति किलोमीटर चार्ज लिया जाएगा जो कि बहुत कम चार्ज है।

# 'आमजन आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को तुंरत करवाएं अपडेट'

**टीम एक्शनन इंडिया/सोनीपत, उपायुक्त** डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि बढ़ाकर 14 दिसंबर 2023 कर दी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि वे अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 दिसंबर 2023 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निशुल्क अपडेट करें। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार एप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है।

# 188 आवेदनो में से 135 पेड़ों की ही बनेगी पेंशन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत उपवन संरक्षण** सोनीपत दवारा वन मंडल अधिकारी कार्यालय में प्राण वायु देवता योजना के संदर्भ में एक सभा का आयोजन रेनू बाला,आईएफएस डीएफओ सोनीपत के मार्गदर्शन में किया गया। इस सभा में इस योजना के माध्यम से जिले में पुराने पेड़ों के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा हर साल 2500 रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की जाती है। लाभार्थियों को दी जाने वाली इस सहायता से 75 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों के रखरखाव के लिए प्रदान की जाती है। पेड़ों की कटाई को रोकने में इस योजना से सहायता मिलेगी और



अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। इस सभा में राजपाल सिंह जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी व अजय निराला मुन्सिपल कमीशनर सोनीपत कार्यालय से ,वन मंडल के सभी रेंज अधिकारी और श्यो प्रसाद डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर सोनीपत जैव विविधता बोर्ड पंचकूला मौजूद रहें। इस मीटिंग में प्राण वायु देवता योजना में प्राप्त आवेदनों में से 135 आवेदनों को शॉर्टलिस्ट किया गए है जिनके सभी सबंधित दस्तावेज पुरे है ! शॉर्टलिस्ट किये गए आवेदनों को ही लाभ मिलेगा।

**रखरखाव**

**8 लाभार्थियों को दी जाने वाली इस सहायता से 75 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों के रखरखाव के लिए प्रदान की जाती है।**

# संस्कार, स्वास्थ्य और शिक्षा देने में लगा है मौलिक शिक्षा विभाग: डीईईओ सुधीर कालड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
9 अक्तूबर से आरंभ हुए सभी जिला स्तरीय अंडर-21 स्कूली खेल-कूद एवं सांस्कृतिक मुकाबले संपन्न हो गए। इस बारे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के द्वारा के पी ए के महाविद्यालय अंबाला शहर के प्रांगण में दीप प्रज्ज्वलित कर समापन समारोह का शुभारंभ किया गया। उपस्थित बच्चों और जनसमूह को संबोधित करते हुए डीईईओ ने कहा कि मौलिक शिक्षा विभाग का एक एक शिक्षक सरकारी स्कूलों में अंतिम पायदान पर पढ़ने वाले बच्चों को भी संस्कार, स्वास्थ्य और बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने में जुटा है।आज के कार्यक्रम का मंच संचालन अमित छाबड़ा और अनिल भाटिया ने किया। आज के इस खेलकूद एवम सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में जिला खेल सचिव राजिंद्र सिंह, ए ई ई ओ साहिल सचदेवा और सभी ब्लॉकों के खंड खेल सचिवों के कुशल नेतृत्व में अंबाला जिले के सभी 6 खंडों के लगभग 300 बच्चों





ने भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता लड़कियों में खंड अंबाला 1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और लड़कों में खंड अंबाला 2 के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। मोनो एक्टिंग लड़कियों में अंबाला 1 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और लड़कों में खंड साहा ने प्रथम स्थान हासिल किया। ड्रामा प्रतियोगिता लड़कियों में खंड बराड़ा के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया ।सोलो डांस प्रतियोगिता लड़कियों में अंबाला 1ने प्रथम स्थान हासिल किया और सोलो डांस लड़कों में खंड बराड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रुप सॉन्ग लड़कियों में खंड शहजादपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया ।ग्रुप सोंग लड़कों में खंड अंबाला 2 ने पहला स्थान प्राप्त किया। सोलो सॉन्ग लड़कियों में खंड अंबाला1 ने प्रथम स्थान हासिल किया। सोलो सोंग लड़कों में खंड अंबाला 1ने प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रुप डांस लड़कों की प्रतियोगिता में खंड अंबाला 1 ने प्रथम स्थान हासिल किया और ग्रुप डांस लड़कियों में खंड अंबाला 1 ने प्रथम स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता लड़कों में खंड अंबाला 1 प्रथम स्थान पर रहा और लड़कियों में खंड बराड़ा प्रथम स्थान पर रहा। कैरम बोर्ड प्रतियोगिता लड़कों और लड़कियों दोनों में खंड अंबाला 1 के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। कबड्डी प्रतियोगिता में खंड अंबाला 2 के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। खो -खो प्रतियोगिता में खंड साहा के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी लड़कों की प्रतियोगिता में खंड अंबाला 1 प्रथम स्थान पर रहा और रस्साकसी लड़कियों की प्रतियोगिता में खंड बराड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया ।योगाअभ्यास प्रतियोगिता लड़के एवं लड़कियों दोनों में खंड अंबाला 2 के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया।

अंत में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने सभी मुकाबलों में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल करने वाले बच्चों को इनाम देकर उनका मनोबल बढ़ाया। के पी ए के महाविद्यालय की प्राचार्या रेखा तथा खंड एवम जिला स्तरीय खेलों का आयोजन करवाने में जिन जिन अध्यापकों ने अपना योगदान दिया उन सभी को भी जिला मौलिक अधिकारी के द्वारा प्रशंसा पत्र दिए गए।

# बाढ़ प्रभावितों को मनोहर सरकार ने भेजी मुआवजा राशि

n मुख्यमंत्री ने एक क्लिक में 5 करोड़ 90 लाख 99 हजार रुपए भेजे बाढ़ प्रभावितों के खाते में n अब तक कुल 7 करोड़ 50 लाख 99000 रुपए की राशि जारी की

**नुकसान की भरपाई**

**8 40 मृतकों के परिजनों को कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है , शेष 7 मृतकों के सत्यापन का कार्य जारी है**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज हरियाणा सचिवालय में कैबिनेट बैठक उपरांत पत्रकार वार्ता के दौरान एक क्लिक से बाढ़ प्रभावितों के खाते में मुआवजा की 5 करोड़ 90 लाख 99 हजार की राशि ट्रांसफर की। पशुधन की हानि, घर की क्षति, वाणिज्यिक संपत्ति की हानि (ग्रामीण) और कपड़ों ,बर्तनों/घरेलू सामानों की हानि की भरपाई की लगभग पूरी राशि जारी की गई। इसी प्रकार 40 मृतकों के परिजनों को कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है , शेष 7 मृतकों के सत्यापन का कार्य जारी है।

अर्थात अब तक राज्य सरकार द्वारा बाढ़ प्रभावितों को 7 करोड़ 50 लाख 99000 रुपए की राशि जारी की गई है। फसल के नुकसान की भरपाई का भी जल्द ही निर्धारित मानदंडों के अनुसार भुगतान किया जाएगा। कपास की खेती में गुलाबी सुंडी के प्रकोप को देखते हुए किसानों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल 30 नवंबर तक खुला रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पिछले दिनों आई प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का सत्यापन- कार्य पूरा कर लिया गया है और मुआवजे की गणना सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर की जा रही है।

**1,41,079 किसानों का 6,87,077 एकड़ में फसल का नुकसान**

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार को राज्य में 1,41,079 किसानों से करीब 6,87,077 एकड़ क्षेत्र में हुए फसल के नुकसान का दावा करने के आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा घरों की क्षति के लिए मुआवजे का दावा करने वाले 7,504 आवेदन प्राप्त हुए हैं , इनमे ग्रामीण क्षेत्र से 6,057 और शहरी क्षेत्र से 1,447 आवेदन मिले हैं। पशुधन क्षति के 383 दावे प्राप्त हुए हैं।

शहरी क्षेत्रों में वाणिज्यिक संपत्तियों के नुकसान के मामले में 138 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि कुरुक्षेत्र, अंबाला और फतेहाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों से भी वाणिज्यिक संपत्ति के नुकसान के 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कपड़ों और बर्तनों/घरेलू सामानों के नुकसान के 537 आवेदन मिले हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आगे जानकारी दी कि प्रभावित लोगों द्वारा किये गए दावों को मंजूरी दे दी गई है और क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मूल्यांकन और सत्यापन के अनुसार हाल ही में आई बाढ़ के कारण पशुधन की हानि, घर की क्षति, वाणिज्यिक संपत्ति की हानि (ग्रामीण) और कपड़ों ,बर्तनों/घरेलू सामानों की हानि के कुल 8456 दावे मिले जिनमे से 8449 का सत्यापन हो चूका है। इन सत्यापित दावों की भरपाई के लिए 5 करोड़ 90 लाख 99 हजार रुपए की राशि जारी कर दी है। उन्होंने विस्तार से जानकारी दी कि घर के नुकसान के 7504 दावे प्राप्त हुए जिनमे से 7499 का सत्यापन कर लिया गया है और इनके लिए 5 करोड़ 14 लाख 55 हजार की राशि जारी की है।

## 12 जिलों के 1469 गांव बाढ़ प्रभावित घोषित

**सीएम ने** बताया कि राज्य के 12 जिलों (अंबाला, फतेहाबाद, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पंचकुला, पानीपत, पलवल, सोनीपत, सिरसा और यमुनानगर) में 1,469 गांवों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया था। इस बाढ़ के कारण 47 लोगों की जान चली गई थी और इनमें से 40 मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से कुल 1 करोड़ 60 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है , शेष 7 मृतकों के सत्यापन का कार्य जारी है।

**मृतक पशुओं का दिया गया मुआवजा :** मुख्यमंत्री ने बताया कि मुआवजा प्रति घर 3 बड़े दुधारू पशुओं और/या 30 छोटे दुधारू पशुओं, या, 3 बड़े भारवाहक पशुओं और/या 6 छोटे भारवाहक पशुओं तक प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भैंस/गाय/ऊंट आदि के मामले में 37,500 रुपये ,भेड़/बकरी/सुअर के मामले में 4,000 रुपये , ऊँट/घोड़ा/बैल आदि के मामले में 32,000 रुपये , बछड़ा/गधा/टट्टू/खच्चर/बछिया के मामले में 20,000 रुपये तथा मुर्गी पालन के लिए 100 रुपये प्रति पक्षी मुआवजा दिया गया है।

**राहत**

**8 अगर अब भी मुआवजे के भुगतान में कटौती से किसी को ऐतराज है, तो वे अपनी शिकायत उसी पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं**

**पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकान का दिया 1 लाख 20 हजार मुआवजा:** उन्होंने आगे बताया कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजे के वितरण के मानदंड 1,20,000 रुपये प्रति घर और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए 10,000 रुपये प्रति पक्का मकान एवं 5,000 रुपये प्रति कच्चा मकान दिया जाएगा। अगर अब भी मुआवजे के भुगतान में कटौती से किसी को ऐतराज है, तो वे अपनी शिकायत उसी पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। जांच सही पाए जाने पर शिकायत का निवारण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्तायुक्त एवं राजस्व, आपदा प्रबंधन विभाग के एसीएस टीवीएसएन प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव केएम पांडुरंग व मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में निपुण बनाने के लिए अप्रेंटिसशिप योजना कारगर : कौशल

**जनसंवाद**

**8 परिवार पहचान पत्र से डाटा लेकर शिक्षा के लिए ट्रेकिंग की जाएगी: मुख्य सचिव संजीव कौशल**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ /काजल रानी**

**हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने क**हा कि 6 से 18 साल के बच्चों का परिवार पहचान पत्र से डाटा लेकर शिक्षा के लिए ट्रेकिंग की जाएगी ताकि मार्च 2024 तक स्कूलों में शत प्रतिशत एनरोलमेंट किया जा सके। इसके अलावा स्कूलों से ड्राप आउट कम करके ग्रेडिंग लेवल अग्रणी तीन राज्यो में लाने के बेहतर प्रयास किये जाएगें। मुख्य सचिव आज अमृतसर में गृह मंत्री भारत सरकार की अध्यक्षता में हुई 31वीं नॉर्थ जोन कार्उसिल बैठक में उठाए गए मामलों को लेकर शिक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द मोहन शरण, आयुक्त एवं सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अमनीत पी कुमार, निदेशक सेकेण्डरी स्कूल डा. अशंज सिंह, डायरेक्टर एलीमेंटरी एजुकेशन आर एस ढिल्लो, निदेशक महिला एवं बाल विकास श्रीमती मोनिका मलिक, विशेष सचिव प्रभजोत सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए क्षमता निर्माण पर ओर अधिक सुधार करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने के साथ-साथ जिला स्तर पर समीक्षा एवं मॉनिटरिंग भी की जाएगी ताकि वांछित लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों की पहचान करके उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में लाना, शिक्षकों का रेशनलाइजेशन, ग्रेडिंग सूचकांक का प्रदर्शन, शिक्षण के परिणाम एवं विधा समीक्षा केंद्र पर विस्तार से कार्य कर युवाओं को खेलों की तर्ज पर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय बनाया जाएगा। कौशल ने कहा कि सीनियर सेकेण्डरी के बाद स्कूल छोड़ने वाले युवाओं को उद्योगों में अप्रेंटिशिप पर लगाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी योजना बनाई जा रही है ताकि उन्हें तकनीकी क्षेत्रों में निपुण करके रोजगार के काबिल बनाया जा सके। यह योजना बहुत ही कारगर होगी। औद्योगिक नगरी में हर साल 10 हजार अप्रेंटिशिप की आवश्यकता होती है। मुख्य सचिव ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कम वजन वाले बच्चों और अधिक आयु के कम ऊंचाई वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को पोष्टिक एवं गुणवतायुक्त आहार देने पर विशेष बल दिया जाए ताकि उनका संवार्गीण एवं चहुंमुखी विकास सम्भव हो सके। आयुक्त एवं सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अमनीत पी कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकताओं को नवम्बर माह के अंत तक मोबाईल उपलब्ध करवाए जाएगें तथा जनवरी 2024 में पोषण जागृति माह मनाया जाएगा।

## पत्रकार कल्याण की दिशा में हरियाणा सरकार देशभर में अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा पत्रकार कल्याण की दिशा में एक और उल्लेखनीय निर्णय लेते हुए प्रदेश में मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों के लिए टर्म इंश्योरेंस कवरेज को मौजूदा 5 लाख रुपये से बढाकर 10 लाख रुपये करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से, अब 10 लाख रुपये तक के बीमा पर प्रीमियम की शत प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

इस फैसले से राज्य भर के 1038 मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मी लाभान्वित होंगे।

# प्रदेश में बिजली को लेकर लगातार हो रहे बड़े सुधार : बिजली मंत्री

**समस्या का समाधान**

**8 बिजली मंत्री ने आमजन की सुनी समस्याएं, समाधान के लिए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**बिजली** मंत्री रणजीत सिंह ने वीरवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बिजली मंत्री के समक्ष विभिन्न गांवों से आए नागरिकों ने पेयजल, सिंचाई के लिए पानी, सड़क निर्माण, गली पक्की करवाने संबंधी, गांव के विकास कार्यों संबंधी शिकायतें रखी। बिजली मंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका तत्परता से निवारण किया जाए। इस दौरान बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा में लगातार बिजली को लेकर बड़े सुधार किए गए हैं। घरों की छतों से जाने वाली तारों को दुरुस्त किया जा रहा है। जोहड़, स्कूलों, घरों की छतों और पार्क में ऊपर से जाने वाली तारें हटाई जा रही है। इस योजना के तहत 151 करोड़ का खर्चा आएगा। उन्होंने कहा कि लाल डोरे से 3 किलोमीटर के दायरे में आने वाली ढाणी, डेरे को बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे और 3 किलोमीटर दायरे से बाहर रहने वाले गांवों को भी बिजली पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सोलर पंप लगाने की योजना को अंतिम रूप दिया है।

इस साल के अंत तक 70 हजार सोलर पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सोलर पंप लगाने में प्रदेश देश में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि बाढ़ और गुलाबी सुंडी से खराब हुई फसलों का 30 नवंबर तक किसानों को मुआवजा मिलेगा।

# वर्तमान में किसी भी व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा में आने के लिए अब आरक्षण की जरूरत नहीं: गुप्ता

**आरक्षण की बात**

**8 राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए आरक्षण की राजनीति कर रहे हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** लोक सेवक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि आजादी के बाद संविधान में आरक्षण की व्यवस्था 10 साल के लिए की गई थी, दलित समाज के लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए अब देश को आजाद हुए 75 साल से ऊपर हो गए हैं, जिस उद्देश्य के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई थी वह बहुत पहले ही पूरा हो चुका है। वर्तमान में किसी भी व्यक्ति को जाति और धर्म के आधार पर समाज की मुख्य धारा में आने के लिए अब आरक्षण की जरूरत नहीं है। देश के राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए आरक्षण की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान में सरकारी अस्पताल और सरकारी स्कूलों का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है। इसका मुख्य कारण आरक्षण है। आरक्षण समर्थक कोई भी नेता इन सरकारी अस्पतालों और सरकारी स्कूलों का प्रयोग नहीं करता है। यह सरकारी अस्पताल और सरकारी स्कूल जनता के द्वारा दिए गए टैक्स से चलते हैं और यह टैक्स सबसे ज्यादा गरीब, मजदूर और किसान को देना पड़ता है। यह सरकारी स्कूल और सरकारी अस्पताल किसान और मजदूर के परिवार के लोग ही प्रयोग करते हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि उपरोक्त कथन से यह सिद्ध होता है कि वर्तमान में आरक्षण मजदूर और किसान का ही शोषण कर रहा है। मजदूर और किसान में सभी जाति और धर्म के लोग शामिल हैं।

# पीतमपुरा: ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी द्वारा डिस्ट्रिक्ट पार्क, पीतमपुरा में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 बालिकाओं ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक, गीत, नृत्य और प्रेरक भाषण आदि जैसे कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय और दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों की कई छात्राओं ने अपने प्रेरक भाषण दिए। वे ज्ञान आधार बच्चों के लिए अलग-अलग स्नैक्स और उपहार सामग्री लाए और खुद वितरित किए। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के इतिहास और महत्व पर चर्चा हुई की। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर अलग-अलग वक्ताओं ने यह बात कही की बालिकाओं को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन होता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वे भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें।

**ये लोग रहे मौजूद:** वीनू विज, जया चंदना, निधि जैन, करुणा आहूजा, कीर्तिका कौरा, चेतना, शिप्रा मोहिन्द्रू, कविता, आशा, उषा, मौसम, योगेश कुमार, मनोज कुमार और खुशाल मौजूद रहे।

# डीडीए की उपेक्षा का दंश झेल रहा है नरेला डेवलपमेंट प्रोजेक्ट: राजव्रत आर्य



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के महामहिम उपराज्यपाल ने नरेला को सब सिटी के रूप में विकसित करने के क्रम में डीडीए के माध्यम से अनेकों प्रोजेक्ट लगाने की घोषणा की है। उसका नागरिक अधिकार आंदोलन स्वागत करता है किंतु इस क्षेत्र के विकास हेतु डीडीए द्वारा संचालित नरेला विकास प्रोजेक्ट जिस गति से काम कर रहा है उससे तो लगता है कि सालों साल यह कार्य पूरा होना दूर की कोड़ी दिखाई देता है। उक्त बातें नागरिक अधिकार आंदोलन के नेता राजव्रत आर्य ने कही। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सेक्टर बी-4 की मुख्य सड़के जिन पर डीटीसी का रूट नंबर 120 चलता था वह भंयकर गड्ढों भरी सड़कों से परेशान होकर बंद हो चुका है। उसकी बसों ने बी-4 में जाने से किनारा कर लिया है, जिससे यहां के नागरिक परेशान है। दूसरे प्याऊ मनिहारी रोड़ से लेकर पुलिस कॉलोनी मामूर पुर से शांति अपार्टमेंट चौक की दोनों तरफ की सड़कें भी गड्ढों से लबालब है, जिनका लगभग दो ढ़ाई साल से हाल बेहाल है। कब बनेगी कोई पता नहीं। इस सड़क पर डीटीसी के अनेक महत्वपूर्ण रूटो की बसें जैसे 131, 193, 136, 981, 173 आदि की बसे चलती हैं। इनसे सवारियों का हाल-बेहाल हो जाता है। तीसरे सैक्टर अ-7 के पॉकेट 11 में बने विशाल स्मृतिवन तथा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के चारों ओर नाले गंदगी एवं झाड़ियां से अटे पट़े हैं और नरेला विकास प्रोजेक्ट मजे से हाथ पर हाथ धरे बैठा है। इसके लिए कई बार नागरिक अधिकार आंदोलन ने पत्र भी लिखे हैं, लेकिन उसका नतीजा अभी तक कुछ नहीं निकला है। इस संबंध में राजव्रत आर्य की आपसे गुजारिश है कि इस प्रोजेक्ट के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश वरीयता के आधार पर जारी कर इन समस्याओं का निराकरण करने की कृपा करें। ताकि यहां के नागरिक चैन की सांस ले सके।

# करावल नगर ज़िले की श्रीराम कॉलोनी में रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस की विशेष बैठक





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आगामी 30 अक्टूबर को दिल्ली में कांग्रेस की होने वाली 'जवाब दो हिसाब दो चेतना रैली' के माध्यम से दिल्ली कांग्रेस अपना दमखम दिखाने के मूड में नजर आ रही है। प्रत्येक विधानसभाओं में इस रैली की तैयारियों को लेकर हो रही बैठकों से तो यही समझा जा रहा है। दिल्ली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भी शायद यही चाहेंगे की शीर्ष नेतृत्व के पास यह संदेश जाए कि उनको दोबारा चुनकर कोई गलती नहीं की गई है।

इसी के चलते करावल नगर विधानसभा के श्रीराम कालोनी ब्लाक अध्यक्ष शहजाद के कार्यालय में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज की अध्यक्षता में भी एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्व विधायक हसन अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि आज महँगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लोग परेशान हैं और जब सरकार से कोई सवाल करता है तो किसी तरह का कोई जवाब नहीं मिलता। उल्टा उनके पीछे सरकारी एजेंसियां लगा दी जाती है। जनता त्रस्त है, वहीं देश चलाने वाले चुनावी रैलियों में मस्त हैं। इस मौके पर करावल नगर से पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरविंद सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंदर चौधरी, रामनिवास यादव, सनेह शास्त्री, अनिकेत, सतीश दीक्षित, अवधेश मिश्रा, संदीप मिश्रा, वलिम, नसीम खान व क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने सरकार पर तल्ख टिप्पणी करते हुए सवाल पूछा कि विपक्ष द्वारा सरकार से पूछे जाने वाले सवालों से सरकार क्यों भाग रही है।

जब विपक्ष का मुख्य चेहरा राहुल गांधी संसद में 20,000 करोड़ रुपए किसके हैं का सवाल पूछते हैं तो गलत तरीके से सदन से उनकी सदस्यता रद्द कर दी जाती है। लेकिन सरकार को ये बताना होगा कि विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बताकर गर्व करने का ढिंढोरा पीटने वाले लोगों ये बताओं की देश में क्यों 82 करोड़ लोग 5 किलो राशन की लाइन में लगे हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वालो को ये बताना होगा कि क्यों हर रोज बेटियो के चीर हरण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 360 वन वेल्थ हुरुन दिल्ली रिच लिस्ट 2023

नई दिल्ली। हुरुन रिपोर्ट इंडिया और 360 वन वेल्थ ने '360 वन वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023' के 2023 संस्करण का अनावरण किया। 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति वाले सबसे अमीर व्यक्तियों का संकलन। हुरुन रिपोर्ट इंडिया और 360 वन वेल्थ ने आज 360 वन वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2023 में दिल्ली के सबसे अमीर लोगों का एक और विश्लेषण शुरू किया। संपत्ति की गणना 31 अगस्त 2023 का है। दिल्ली सूची में व्यक्तियों की संचयी संपत्ति में पिछले वर्ष की तुलना में 19% की वृद्धि दर्ज की गई। 4 नामों के साथ, बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज, डाबर इंडिया और हीरो मोटोकॉर्प ने दिल्ली सूची में क्रमशः 9,200 करोड़ रुपये, 69,200 करोड़ रुपये और 36,200 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। 10,200 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ, रेनू मुंजाल इस सूची में शामिल होने वाली सबसे अमीर महिला हैं। इंडिया रिच लिस्ट के बारे में 360 वन वेल्थ के संयुक्त सीईओ और सह-संस्थापक अनिरुद्ध तापड़िया ने कहा, 360 वन वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट का 2023 संस्करण दिल्ली में धन की उल्लेखनीय वृद्धि को दशार्ता है। पिछले वर्ष की तुलना में संचयी संपत्ति में 19% की वृद्धि के साथ, दिल्ली के अभिजात वर्ग ने अपनी आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन किया है। दिल्ली के शीर्ष 10 व्यक्तियों के पास राज्य की कुल संपत्ति का लगभग 41% हिस्सा है। दिल्ली की 13 महिलाओं को अमीरों की सूची में देखना उत्साहजनक है। इसके अलावा, दिल्ली से 25 नए प्रतिभागियों ने भी प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'युवाओं के वोट बनाने के लिये लगे विशेष कैंप'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने चुनाव से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं की वोट बनाने के लिये कालेजों के विशेष कैंप आयोजित करें और संबंधित कालेज के प्राचार्य से यह सर्टिफिकेट हासिल करें उनके यहां सभी पात्र युवाओं के वोट बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि नये मत बनवाने के लिये भरे गये निर्धारित फार्मों को रद्द करने की दर कम की जाये। यदि किसी फार्म में कोई कमी है तो संबंधित युवा को बलाकर उस कमी को दूर किया जाये।

उपायुक्त आज यहां मंगलसेन आडिटोरिय में जिला के निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों, सहायक निर्वाचन अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक संख्या में पात्र युवतियों/महिलाओं के वोट बनाये जायें। अभिभावकों को भी इस बात के लिये प्रेरित किया जाये कि वे पात्र अविवाहित लड़कियों की वोटजरूर बनवायें। शादी के बाद फार्म नंबर 8



भरकर मतदाता सूची से वोट शिफ्ट कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से किसी भी मृत व्यक्ति का नाम काटने से पहले उसका मृत्यु प्रमाण पत्र जरूर हासिल करें। दिव्यांग व्यक्तियों की संख्या व उनके सुलभ रूप से वोट डालने के प्रबंध पर भी ध्यान दें।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 27 अक्तूबर को किया जायेगा। दावे तथा आपत्तियां 27 अक्तूबर से 9 दिसंबर तक दर्ज कराई जा सकती हैं। इनका निपटारा 26 दिसंबर तक किया जायेगा। नये वोट बनाने के लिये 4 व 5 नवंबर तथा 2 व 3 दिसंबर को विशेष कैंप आयाजित किये जायेंगे। इनमें सभी मतदान केन्द्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहेंगे। मतदाता सूचियों को फाइनल प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा। जिस व्यक्ति की आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष है या इससे अधिक होगी वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदाता सूची में नया नाम शामिल करने के लिये फॉर्म नंबर 6 अपात्र मतदाता का नाम सूची से कटने के लिए फॉर्म नंबर 7, मतदाता की बनी हुई वोट में शुद्ध करवाने, स्थान बदलवाने व डुप्लीकेट कार्ड निकलवाने के लिये फॉर्म नंबर 8 जमा कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि करनाल जिला का मतदाता लिंग अनुपात 902 है जबकि राज्य स्तर पर यह अनुपात 877 है। मतदाता लिंग अनुपात को बढ़ाने के लिये और प्रयास करने चाहियें। इसी प्रकार जिला का मतदाता जनसंख्या अनुपात 660 और राज्य का 634 है।

तहसीलदार (चुनाव) जयकिशन के अनुसार 14 सितंबर तक जिला की पांचों विधानसभाओं में 619054 पुरूष, 557067 महिलायें और 18 ट्रांसजेंडर मतदाता है जबकि शहरी क्षेत्र में 326 और देहात में 821 सहित कुल 1147 बूथ बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि जिला की आंगनवाड़ी वर्कर्स की बैठक बुलाकर पात्र युवतियों की वोट बनवाने के लिये व्यापक प्रचार कराया जाएगा। स्कूल कालेजों में बच्चों को वोट बनवाने के लिये प्रेरित करने वास्ते विभिन्न प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डा.वैशाली शर्मा, करनाल के एसडीएम अनुभव मैहता, घरौंडा की एसडीएम अदिति, असंध के वीरेंद्र ढुल, इन्द्री के अशोक कुमार, तहसीलदार (चुनाव) आदि मौजूद रहे।

**प्रचार**

8 जिला की आंगनवाड़ी वर्कर्स की बैठक बुलाकर पात्र युवतियों की वोट बनवाने के लिये व्यापक प्रचार कराया जाएगा।

## मां व पत्नी के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर। बजाना** खुर्द गांव में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में अपनी मां व पत्नी के साथ गाली-गलौच कर मारपीट कर उन्हे घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने उन्हे जान से मारने की धमकी दी है। घायल महिलाओं का इलाज के लिए खानपुर मेडिकल में भर्ती करवाया। घायल बुजुर्ग महिला ने मामले की शिकायत खुबडू झाल चौकी पुलिस को दी है। शिकायत में बलाना खुर्द निवासी कमला ने बताया कि उसका बेटा देवेंद्र नोएडा में गार्ड की नौकरी करता है। वह 10-11 की रात को करीब 12 बजे शराब के नशे में घर आया और उसके साथ व पुत्रवधू के साथ गाली-गलौच करने लगा। देवेंद्र ने शराब के नशे में सुबह 3 बजे उन्हे घर से निकाल दिया और गली में उनके साथ मारपीट की। इस दौरान सुमन ने जब उसका विरोध किया तो देवेंद्र ने ईंट उठा कर उसके सिर पर मारी। जिस कारण वह घायल हो गई। आरोप है कि देवेंद्र से डंडे से उसके डपर हमला कर उन्हे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी है। आरोप है कि देवेंद्र के पास लाईसेंसी हथियार है जिससे उन्हे जान का खतरा है। उसका लाईसेंस भी रदद् किया जाए। खुबडू झाल चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## दीक्षांत समारोह में छात्रों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**राजकीय औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि एचआर मैनेजर ओमपाल छौक्कर, दीपक व विशिष्ठ अतिथि गांव के सरपंच बिजेन्द्र राठी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। संस्थान के छात्र व छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया तथा संस्थान में चल रही विभिन्न व्यवसायों, छात्रों के लिए प्रतिष्ठानों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के



अवसरों की जानकारी दी। मुख्यातिथि ओमपाल छौकर व सरपंच बिजेन्द्र राठी ने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संस्थान में अनुशासन व्यवस्था छात्रों के बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखकर सराहना की। इसके बाद अपने- अपने व्यवसाय में प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा संस्थान में सभी व्यवस्थाओं में प्रथम द्वितिय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल, मोमेंटो आदि से सम्मानित किया गया। सरपंच बिजेंद्र राठी ने गांव की तरफ से संस्थान में प्रशिक्षण ग्रहण करने वाले छात्र व छात्राओं के लिए हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया गया। प्रधानाचार्य अशोक कुमार, उप- अधीक्षक सुशील कुमार व वर्ग अनुदेशक सतेंदर कुमार द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति देकर स्वागत किया। इसके बाद सयुंक्त रूप से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था संस्थान के शिक्षकों ने संभाली।

## आयुष विभाग ने घसौली गांव में बीमारियों से बचाव के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**खेड़ी तगा** गांव में आयुष विभाग ने घसौली गांव में जागरूकता शिविर लगाकर डा. सुशील ने ग्रामीणों को योग के प्रति जागरूक किया। जल जनित रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से आयुष स्वास्थ्य संस्थानों में ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल जनित रोग वायरस और बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्म जीवों के कारण होने वाली बीमारियां हैं। वह दूषित पानी के माध्यम से या मल के संपर्क में आने से होते हैं। जल जनित रोगों में हैजा, दस्त, टायफाइड, हेपेटाइटिस,



गैस्ट्रो, टेराइटिस, जिआर्डियासिस, खुजली और कृमि संक्रमण शामिल हैं। डा. ने लोगों से अपील की है की शुद्ध जल के सेवन पर विशेष ध्यान देना चाहिए और पानी के भंडारण जैसे कि टैंक, बावड़ी आदि में आवश्यकता अनुसार ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करना चाहिए। घर के आसपास छत पर गमले में या आंगन में वर्षा के पानी को न खड़ा होने दें, ताकि मलेरिया बनाने वाले मच्छर पैदा न हो सकें।

## ईदगाह रोड स्थित घर से 6 वर्षीय बच्ची गायब, अपहरण का मामला दर्ज

**गन्नौर।** ईदगाह रोड स्थित घर से एक 6 वर्षीय बच्ची गायब हो गई। बच्ची के माता-पिता ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की शिकायत दी है। शिकायत में उटा साहनी, अलीगढ, उत्तर प्रदेश हाल ही ईदगाह रोड निवासी अंशुखान ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ दवाई लेने गया था। जब वह घर पर आए तो देखा उसकी 6 साल की बेटी गायब थी। उन्होने अपने स्तर पर अपनी बेटी की तलाश की, लेकिन कहीं पता नही चला। उन्हे शक है कि उनकी बेटी का अज्ञात ने अपहरण कर लिया है।

## चार सदस्यीय टीम ने किया नीलोखेड़ी के संस्थान का दौरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत सरकार** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की चार सदस्यीय टीम ने नीलोखेड़ी के विस्तार शिक्षा संस्थान की कार्यप्रणाली को मजबूती देने के उद्देश्य से दौरा किया। संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने बताया कि चार सदस्यीय टीम ने अतिरिक्त सचिव (वरिष्ठ आईएएस) फैज अहमद किदवई के नेतृत्व में संस्थान पंहुची। टीम के आगमन का मुख्य उद्देश्य संस्थान की कार्यप्रणाली को मजबूती देना था। उन्होंने कहा कि इस चार सदस्यीय टीम में अतिरिक्त सचिव, (विस्तार), कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार श्री किदवई, अतिरक्त कमिश्नर संजय कुमार, निदेशक शजित, सह निदेशक एस. एम. खालिकर शामिल थे।
इस दौरान चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल एवं विश्वविद्यालय के वाईस-चांसलर प्रोफेसर बी.आर. कांबोज के सेक्रेटरी अरोड़ा भी मौजूद रहे। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि इस समय देश में चार विस्तार शिक्षा संस्थान हैं जिनमें से विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी सबसे पुराना है] जो कि उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, पशुपालन, वानिकी, सेरिकल्चर आदि विभागों के विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहा है।
मंत्रालय की टीम ने संस्थान की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं महत्तपूर्ण सुझाव दिए हैं। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल ने टीम को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डा. संजय कुमार ने टीम के समक्ष पांच वर्षों की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। किदवई ने विस्तार शिक्षा संस्थान के प्रशिक्षण कार्यों की प्रशंसा की व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नई शिक्षण विधियों को तवज्जो देने का सुझाव दिया।
उन्होंने संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम के प्रतिभागियों से भी चर्चा की एवं संस्थान में क्या सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं यह भी जाना।

## नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

### करनाल की विख्यात समाजसेविका अनीता भारद्वाज शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमों एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने अंतर्राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका अनीता भारद्वाज शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया।
नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अनीता भारद्वाज को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। अनीता




भारद्वाज ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी।
नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ
ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, आवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि शामिल हैं।

## गांव को साफ सुथरा रखने के साथ लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना लक्ष्य: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
गन्नौर स्वच्छता अभियान के तहत देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान की ओर से चटिया व पांची जाटान गांव की चौपाल में कार्यक्रम आयोजित कर दोनों ग्राम पंचायतों को 1-1 ई-ऑटो रिक्शा भेंट की गई है। कादियान ने कहा कि स्वच्छ गन्नौर स्वस्थ गन्नौर बनाना ही उनका असली मकसद है। क्षेत्र के 21 गांवों में 2 अक्टूबर को ई-ऑटो रिक्शा दी जा चुकी है, बाकी बचे गांव में भी ऑटो रिक्शा वितरित की जा रही है। इससे पहले दोनों जगह कार्यक्रम में पहुंचने पर समाजसेवी देवेंद्र कादियान को फूलमाला से जोरदार स्वागत करने के साथ ही ग्रामीणों ने उनके जनहित में चलाए जा रहे कार्यों की सराहना की है। देवेंद्र कादियान ने कहा कि गांव को साफ सुथरा करने के साथ ही यहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य है। गन्नौर क्षेत्र के 23 गांवों में कूड़ा कलेक्शन के लिए ई-ऑटो रिक्शा चलाई जा रही है, उनमें ई-ऑटो रिक्शा को कूड़े के हिसाब से तैयार कराया है। सफाई कर्मी अब डोर टू डोर जाकर घरों से कचरा कलेक्शन कर सकेंगे। वहीं, गांव के मुखियाओं ने अपील करते हुए कहा कि गांवों में लोग घरों से निकलने वाले कूड़े को इधर-उधर न फेंके। बल्कि जब रिक्शा उनके घर के बाहर आएं तो उसमें ही डालें, ताकि कचरा एक जगह डालें सके। इस अवसर पर जसबीर, सुमित, जोगेंद्र, बिजेंद्र प्रजापत, सोनू, बबला, विष्णू, बिजेंद्र शर्मा, अमित खत्री, आनंद, रामपाल, धर्मबीर, नवरत्न, भारत, जयपाल, राजेंद्र, सतबीर फौजी, सुरेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ जोरों पर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**संत निरंकारी** आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम, पिछले 75 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्यतापूर्वक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। इस समागम का भरपूर आनंद विश्वभर से आये हुए सभी निरंकारी भक्त एवं श्रद्धालओं द्वारा प्राप्त किया जायेगा।
इस शुभ सूचना से संपूर्ण निरंकारी जगत में अत्यंत उत्साह का वातावरण है। जहां हर प्रांत से आये हुए भक्त अपने हृदय में वसुदैव कुटुम्बकम्ब का सुंदर भाव लिए हुए एक विस्तृत परिवार के रूप में सतगुरु के साकार दर्शन एवं उनकी



दिव्य वाणी को श्रवण करेंगे।
निस्संदेह यह स्वयं में एक अलौकिक नजारा होगा, जहां पर सभी जनमानष अपनी भाषा, जाति, धर्म एवं वर्ण को भुलाकर एकत्व के दिव्य संदेश को वास्तविक रूप में चरितार्थ करेंगे।
समागम अर्थात संतों का संगम, इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं चेतनता के साथ भक्तों द्वारा की जा रही है। जिस ओर भी दृष्टि डालो, उस ओर ही हजारों की संख्या में निःस्वार्थ भाव से सभी श्रद्धालु भक्त सूर्य की पहली किरण से लेकर सांय ढलने तक सतगुरु के साकार रूप में दीदार कर, झूमते, नाचते अपनी सेवाओं को आनंदपूर्वक निभा रहे हैं।
इस अनुपम दृश्य को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे इन श्रद्धालुओं में निरंकारी मिशन की सिखलाई मिलर्वतन एवं एकत्व के सुंदर भाव को प्रदर्शित कर रही हो। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी पूरे जोश के साथ बढ़-चढकर इन सेवाओं में तनमयतापूर्वक योगदान दे रहे हैं।
कहीं पर मैदानों को समतल करने हेतु मिट्टी से भरे तसलों की सेवा और वहीं दूसरी तरफ खाली तसलों की। छोटे-छोटे बच्चे भी अपने नन्हे-नन्हे हाथों में तसलों को उठाकर सेवा का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं।हर ओर ही सेवा का अनुपम नजारा दृश्यमान हो रहा है। यह सब कुछ आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं आंगतुकों के भव्य स्वागत हेतु किया जा रहा है, ताकि वह समागम में आकर न केवल आध्यात्मिक शिक्षाओं से लाभान्वित होगें साथ ही सभी प्रकार की सुख सुविधाएं भी उपलब्ध करवायी जायेंगी।

संपादकीय

# प्रेरक हैं 'रं' समुदाय के लोग

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार 12 अक्टूबर को अपनी पिथौरागढ़ यात्रा के दौरान आदि कैलाश के दर्शन और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ रं समुदाय से मुलाकात भी की। यह रं नाम स्वयं में आकर्षण पैदा करता है। साथ ही इस समुदाय के बारे में जानने की इच्छा प्रबल होती है। यहीं जान लेना जरूरी है कि इस समुदाय से प्रधानमंत्री का लगाव अचानक नहीं पैदा हुआ है। अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में नवंबर, 2019 में उन्होंने इस समुदाय की चर्चा की थी। हाल के दिनों की बात करें तो इस समुदाय ने एक अनूठी पहल की है। शादी-विवाह में फिजूलखर्ची रोकने के लिए तय किया गया है कि शगुन के तौर पर दुल्हन के हाथ में सिर्फ एक रुपया दिया जायेगा। शादी में शराब परोसने और डीजे के प्रयोग से परहेज रखने का भी फैसला किया गया। ज्ञातव्य है कि रं समुदाय में दहेज पर पहले से ही प्रतिबंध है। अब दुल्हन की मेंहदी में बड़ी संख्या में अतिथियों की जगह सिर्फ घर वाले और नजदीकी रिश्तेदार शामिल होने लगे हैं। बाकी लोग, वह भी भरसक कम संख्या में बारात में शामिल किए जा रहे हैं और बारातियों को शगुन देना भी बंद करने का फैसला कर लिया गया है। यह फैसला लागू करना इसलिए मुश्किल नहीं है कि यह समुदाय मात्र ब्यास, दारमा और चौदास घाटी के कुछ गांव और कुछ हजार की संख्या में ही है। उक्त सामान्य चर्चा भर से रं जैसी जनजाति के महत्त्व को नहीं समझा जा सकता। यह समुदाय भारत की चीन-तिब्बत सीमा के नजदीकी क्षेत्रों में रहता है। मौसम के हिसाब से इस समुदाय के लोगों को अपना स्थान बदलना भी पड़ता है। इसके बावजूद इन्होंने अपनी संस्कृति, खानपान, पहनावा और भाषा को नहीं छोड़ा है। याद करें कि जिन्हें भोटिया और शौका आदि नाम से जानते हैं, रं उनके अपने समुदाय की भाषा से ही निकला शब्द है। प्रधानमंत्री ने 2019 में दरअसल, रं समुदाय के जीवट और अपनी संस्कृति के प्रति अटूट लगाव के कारण ही याद किया था। सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूद इन लोगों ने दुश्मनों के प्रति सावधानी में अपने देश की सेनाओं को समय-समय पर मदद भी की है। इसी क्रम में 1962 के युद्ध को देखा जा सकता है। तब धारचूला से लिपुलेख दर्रे तक जाने में चार-पांच दिन लग जाते थे। उस विषम परिस्थिति में भी इस समुदाय के लोगों ने अपनी सेना के लिए राशन से लेकर गोला-बारूद तक ढोए थे। उस समय तिब्बत से होने वाले उनके व्यापार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। उसके बाद तो जैसे रं समुदाय रोजगार विहीन हो गया किंतु उसने हिम्मत नहीं हारी। अब तो इस समुदाय के लोग सरकारी सेवाओं के उच्च पदों पर भी हैं। मूल यह कि हर हाल में अपनी भाषा, संस्कृति के मामले में ये अत्यंत आग्रही हैं। भाषा के प्रति लगाव का यह आलम है कि समुदाय के ही व्यापारी नन्दराम ने रं भाषा की लिपि तैयार करने वाले के लिए एक लाख रुपये इनाम का एलान किया। यह चुनौती गर्ब्याल गांव के मकर सिंह गर्ब्याल ने स्वीकार की और आज रं की अपनी लिपि भी है। समुदाय के लोग अपनी भाषा और लिपि का खूब प्रयोग करते हैं। अपनी भाषाओं का रोना रोने वाले समुदायों के लिए रं लोग प्रेरक हो सकते हैं। प्रधानमंत्री ने पिथौरागढ़ यात्रा के दौरान अपने सिर पर जो पगड़ी पहनी, उसे रंगाव्यठलो कहते हैं। यह

# परिसीमन के बाद होंगे देश में एक साथ चुनाव



रोहित माहेश्वरी

" स्थानीय निकायों के चुनाव को अलग रखा जाएगा क्योंकि उसकी प्रक्रिया जटिल होती है। एक पंचायत में कई सदस्यों के चुनाव होते हैं। इसलिए उसे लोकसभा और विधानसभा के साथ मिलाने पर जटिलता बढ़ जाएगी। वह चुनाव राज्यों पर ही छोड़ा जाएगा। यदि देश में श्एक देश एक करश यानी जीएसटी लागू हो सकता है तो एक देश एक चुनाव क्यों नहीं हो सकता अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल खुले मन से इस मुद्दे पर बहस करें ताकि इसे अमलीजामा पहनाया जा सके "

**किसी भी** जीवंत लोकतंत्र में चुनाव एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्वस्थ एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। भारत जैसे विशाल देश में निर्बाध रूप से निष्पक्ष चुनाव कराना हमेशा से एक चुनौती रहा है। अगर हम देश में होने चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश हमेशा चुनावी मोड में रहता है। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है। इस सबसे बचने के लिये नीति निमार्ताओं ने लोकसभा तथा राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराने का विचार बनाया। गौरतलब है कि देश में इनके अलावा पंचायत और नगरपालिकाओं के चुनाव भी होते हैं किन्तु एक देश एक चुनाव में इन्हें शामिल नहीं किया जाता। आपको बता दें कि एक देश एक चुनाव लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने एक वैचारिक उपक्रम है। यह देश के लिये कितना सही होगा और कितना गलत, इस पर कभी खत्म न होने वाली बहस की जा सकती है। लेकिन इस विचार को धरातल पर लाने के लिये इसकी विशेषताओं की जानकारी होना जरूरी है। महिला आरक्षण की तरह ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का मामला भी परिसीमन के साथ जोड़ दिया है। जानकार सूत्रों का कहना है कि परिसीमन के बाद ही लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इसका मतलब है कि अगले साल के लोकसभा चुनाव के बाद पहले जनगणना होगी और उसके बाद परिसीमन का काम होगा और तब महिला आरक्षण भी लागू होगा और सारे चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। इसका यह भी मतलब है कि 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले तक सारे राज्यों के चुनाव वैसे ही होते रहेंगे, जैसे पहले पहले होते रहे हैं। यानी किसी भी राज्य का चुनाव न तो समय से पहले होने जा रहा है और न किसी राज्य का चुनाव टलने जा रहा है। असल में पिछले दिनों 22वें विधि आयोग की ओर से भी यह संकेत दिया गया था कि 2029 से ही एक देश, एक चुनाव का नियम लागू होगा। हालांकि विधि आयोग ने परिसीमन के बारे में कुछ नहीं कहा था। उसने कहा




था कि कुछ राज्यों की विधानसभाओं के कार्यकाल घटा या बढ़ा कर 2029 में सबका चुनाव एक साथ कराया जाएगा। उसकी रिपोर्ट जल्दी ही आने वाली है। बताया जा रहा है कि विधि आयोग इसी लाइन पर सिफारिश करने वाला है और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली आठ सदस्यों की कमेटी भी यही सिफारिश करेगी। बताया जा रहा है कि कोविंद कमेटी अपनी सिफारिश में परिसीमन का क्लॉज डाल सकती है। ध्यान रहे भारत में परिसीमन पर 2026 तक रोक है। उससे पहले लोकसभा की सीटों की संख्या में बदलाव नहीं हो सकता है। वैसे केंद्र सरकार चाहती तो संविधान में संशोधन करके यह सीमा पहले ही खत्म कर सकती थी। लेकिन ऐसा लग रहा है कि सरकार इसे बनाए रखना चाहती है। सो, एक देश, एक चुनाव के लिए 2026 तक अनिवार्य रूप से इंतजार करना होगा। उसके बाद परिसीमन आयोग का गठन होगा और सीटों की संरचना और संख्या दोनों में बदलाव होगा। कुछ राज्यों में भी परिसीमन का काम हो सकता है। पूरे देश में परिसीमन के काम में लंबा समय लग सकता है। उस समय सीटों की संख्या बढ़ाने का क्या फॉमूर्ला बनता वह भी देखना होगा क्योंकि जनसंख्या के आधार पर सीटें बढ़ाने के फैसले से दक्षिणी राज्य नाराज होंगे। उससे उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और ज्यादा आबादी वाले उत्तर भारतीय राज्यों का वर्चस्व स्थापित हो जाएगा।

एक देश एक चुनाव कोई अनूठा प्रयोग नहीं है, क्योंकि 1952, 1957, 1962, 1967 में ऐसा हो चुका है, जब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गए थे। यह क्रम तब टूटा जब 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाए विभिन्न कारणों से समय से पहले भंग कर दी गई। आपको बता दें कि 1971 में लोकसभा चुनाव भी समय से पहले हो गए थे। जाहिर है जब इस प्रकार चुनाव पहले भी करवाए जा चुके हैं तो अब करवाने में क्या समस्या है। एक तरफ जहां कुछ जानकारों का मानना है कि अब देश की जनसंख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है, लिहाजा एक साथ चुनाव करा पाना संभव नहीं है, तो वहीं दूसरी तरफ कुछ विश्लेषक कहते हैं कि अगर देश की जनसंख्या बढ़ी है तो तकनीक और अन्य संसाधनों का भी विकास हुआ है। इसलिए एक देश एक चुनाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। किन्तु इन सब से इसकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती, इसके लिए हमें इसके पक्ष और विपक्ष में दिये गए तर्कों का विश्लेषण करना होगा। एक देश एक चुनाव के पक्ष में कहा जाता है कि यह विकासोन्मुखी विचार है। जाहिर है लगातार चुनावों के कारण देश में बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू करनी पड़ती हैद्य इसकी वजह से सरकार आवश्यक नीतिगत निर्णय नहीं ले पाती और विभिन्न योजनाओं को लागू करने समस्या आती है। इसके कारण विकास कार्य प्रभावित होते हैं। आपको बता दें कि आदर्श आचार संहिता या मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट चुनावों की निष्पक्षता बरकरार रखने के लिये बनाया गया है। इसके तहत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव अधिसूचना जारी करने के बाद सत्ताधारी दल के द्वारा किसी परियोजना की घोषणा, नई स्कीमों की शुरूआत या वित्तीय मंजूरी और नियुक्ति प्रक्रिया की मनाही रहती है। इसके पीछे निहित उद्देश्य यह है कि सत्ताधारी दल को चुनाव में अतिरिक्त लाभ न मिल सके। इसलिए यदि देश में एक ही बार में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव कराया जाए तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी, और इसके बाद विकास कार्यों को निर्बाध पूरा किया जा सकेगा।

एक देश एक चुनाव के विरोध में विश्लेषकों का मानना है कि संविधान ने हमें संसदीय मॉडल प्रदान किया है जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाएँ पाँच वर्षों के लिये चुनी जाती हैं, लेकिन एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर हमारा संविधान मौन है। संविधान में कई ऐसे प्रावधान हैं जो इस विचार के बिल्कुल विपरीत दिखाई देते हैं। मसलन अनुच्छेद 2 के तहत संसद द्वारा किसी नये राज्य को भारतीय संघ में शामिल किया जा सकता है और अनुच्छेद 3 के तहत संसद कोई नया राज्य राज्य बना सकती है, जहां अलग से चुनाव कराने पड़ सकते हैं। बहरहाल, रामनाथ कोविंद कमेटी की दूसरी बैठक जल्दी ही होने वाली है, जिसमें विधि आयोग, चुनाव आयोग और सभी राजनीतिक दलों की राय ली जाएगी। आम लोगों की भी इस मामले में ली जा सकती है। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस पर लगभग सहमति है कि परिसीमन के बाद सारे चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की जाए। यह भी कहा जा रहा है कि एक देश, एक चुनाव में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव शामिल किए जाएंगे।

स्थानीय निकायों के चुनाव को अलग रखा जाएगा क्योंकि उसकी प्रक्रिया जटिल होती है। एक पंचायत में कई सदस्यों के चुनाव होते हैं। इसलिए उसे लोकसभा और विधानसभा के साथ मिलाने पर जटिलता बढ़ जाएगी। वह चुनाव राज्यों पर ही छोड़ा जाएगा। यदि देश में श्एक देश एक करश यानी जीएसटी लागू हो सकता है तो एक देश एक चुनाव क्यों नहीं हो सकता अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल खुले मन से इस मुद्दे पर बहस करें ताकि इसे अमलीजामा पहनाया जा सके।

कविता

## स्त्रियों पर अत्याचार ?

जो मनुष्य स्त्री की इज्जत न कर हैवानियत करे,
उसका हम तुरंत बहिष्कार तिरस्कार करें।

अपराधियों को जीने का कोई हक नहीं होना चाहिए,
उनको तत्काल सजा देकर सच्चा उदाहरण पेश होना चाहिए।

उदाहरण पेश हो कि फिर कोई अगला,
दरिंदगी का शिकार न हो अबला।

अबलाएं कब तक झेलती रहेंगी दरिंदगी,
क्षमा करो माताओं, बेटियों हमें है बड़ी शर्मिंदगी।

अब न जले कोई भी निरीह अबला
जला दो इन अपराधियों की लंका।

व्यभिचार करके स्त्रियों को जला कर शर्मसार भी किया,
अपराधियों को रोकने के लिए
हमने दरिंदो के साथ क्यों नही ऐसा ही प्रतिकार किया।

अब महिलाओं का साथ तभी मिलेगा,
जब व्यभिचारियों के लिए सख्त कानून बनेगा।

संजीव

## सिसकती, कराहती मानवता

**संजीव**

**पूरा विश्व** जहां महिला सशक्तिकरण और बच्चों को कुपोषित होने के लिए सशक्त मुहिम चला रहा है वहीं दूसरी तरफ युद्ध और हिंसा मानवता के चिथड़े उड़ा रहा है। ताजा-ताजा हमास और इजरायली युद्ध में बच्चों और महिलाओं पर अत्याचार देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं इसी तरह यूक्रेन रूस युद्ध में सर्वाधिक नुकसान बच्चों और महिलाओं की मौत से ही हुआ है। युद्ध और हिंसा से चाहे पिता,भाई या पुत्र की मृत्यु हो परिणाम स्त्रियों को ही भुगतना पड़ता है। घरों के टूटने और नष्ट होने पर भी स्त्रियों बच्चों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है स्त्रियां,बच्चे बेघर होकर अनाथ हो जाते हैं हर तरफ त्राहिमाम मच जाता है। इसराइल हमास युद्ध में हजारों स्त्रियां और बच्चे मौत से साक्षात्कार कर रहे हैं, मानवता सिसक रही है मौत का तांडव अपना परचम लहरा रहा है रूस यूक्रेन युद्ध में भी सर्वाधिक नुकसान महिलाओं तथा बच्चों का ही हुआ है। हिंसा और युद्ध से सर्वाधिक नुकसान महिलाओं और बच्चों का ही क्यों होता है? क्या इसे रोका नहीं जा सकता है। इसी तरह मणिपुर की महिलाओं पर शर्मनाक और अमानवीय पुरुष समाज की हरकतों से पूरा समाज और पूरा देश लज्जित हुआ है। छोटी बच्चियों से लेकर बड़ी बूढ़ी महिलाओं तक शारीरिक, सामाजिक शोषण समाज के लिए एक काला अध्याय था ' हम अपने पशुओं की तरह व्यवहार के कारण लज्जित तो हुए ही पर उसके पश्चात कोई पछतावा दिखाई नहीं देता है। पूरे विश्व समेत देश के कोने कोने से महिलाओं को अपमानित करने की घटनाएं रोज हो रही हैं क्या हमारे नैतिक मूल्य और आस्थाये अब पूर्ण रूप से स्खलित हो चुकी है नैतिक मूल्यों का क्षरण अचानक तेज होता जा रहा है' धन तथा पद और साम्राज्यवाद की लोलुपता ने सारी हदें पार कर दी हैं' समाज पुरुष प्रधान होने का यह मतलब कतई नहीं होना चाहिए कि स्त्री और बच्चे ही हर ज्यादति और अत्याचार की शिकार होते रहें? आइये हम भी अपने देश का भी एक विवेचनात्मक विश्लेषण करें । प्राचीन काल से अब तक स्त्री ही पुरुष तथा समाज के दमन का केंद्र रही है' शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति के विकास के बाद भी स्त्रियों की दयनीय स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है देश की आबादी की 45% आबादी महिलाओं की है पर अभी तक स्त्रियों की स्थिति में बहुत ज्यादा परिवर्तन परिलक्षित नहीं हुआ है,यह एक चिंतनीय समाजिक समस्या हमारे सामने ज्वलंत खड़ी है' भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया, यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है' वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं।

विचार

## इजरायल-हमास युद्ध - भारत नें ऑपरेशन अजय लॉन्च किया

**किशन भावनानीं गोंदिया**

**वैश्य स्तर**पर आज आए दिनों काफी तेजी से राजनीतिक उठा पठक, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ते जा रहा है, जिसके दूरगामी दुष्परिणाम होने की संभावना बढ़ गई है। पहले से ही इस रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया तीन भागों, पक्ष विपक्ष और तटस्थ में बट गई है, जिसे तीसरे विश्व युद्ध की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता परंतु अब तो इस संभावना को पंख लगते हुए नजर आ रहे हैं, क्योंकि पूरे पश्चिमी देश इजराइल के समर्थन में आ गए हैं तो इधर ईरान पाकिस्तान लेबनान सहित कुछ देश फिलिस्तीन के समर्थन में उतर गए हैं, कुछ देशों द्वारा मानवीय अधिकार के उल्लंघन की बात उठाई गई हैहालांकि इस ओर यूएन ने भी इशारा कर दिया है। उधर अमेरिका का युद्ध पोत युद्ध के रक्षा सामानों का जखीरा बारूद सहित लेकर इसराइल पहुंच चुका है, जबकि दूसरा बेड़ा भेजने की तैयारी की जा रही है ऐसा अमेरिकन राष्ट्रपति ने मीडिया में कहा है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि युद्ध काफी लंबा खिंच सकता है, इसे देखते हुए भारत ने भी दिनांक 11 अक्टूबर 2023 को देर शाम ऑपरेशन अजय लॉन्च कर दिया है, जिससे अपने नागरिकों को वापस भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चूंकि यह युद्ध लंबा खिंचेगा इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब फिलिस्तीन इजरायल युद्ध से भू-राजनीतिक अविश्वास बढ़ाने को पंख लग गए हैं।

साथियों बात अगर हम ऑपरेशन अजय की करें तो विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा कि इजरायल से लौटने वाले हमारे नागरिकों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय लॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

साथियों बात अगर हम इजरायल के समर्थन वाले देशों की करें तो, इजरायल और हमास मेंज्यादातर ताकतवर देश इजरायल के साथ हैं। अमेरिका ने तो खुलकर इजरायल का समर्थन किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यहां तक कह दिया है कि अन्य देश इस संघर्ष से दूर रहे। ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक ने इस्राइल में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं से बात की है। सुनक ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ अपने संयुक्त बयान में इस्राइल के लिए दृढ़ता और एकजुटता के साथ समर्थन जाहिर किया। उन्होंने आतंकवादी हरकतों के लिए हमास की का कोई औचित्य नहीं है और इसकी हर तरह से निंदा की जानी चाहिए। बयान में कहा गया कि हमारे देश इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ अपनी और अपने लोगों की रक्षा करने के प्रयासों में इस्राइल का समर्थन करेंगे। हम इस बात पर भी जोर देते हैं कि इस्राइल के प्रति शत्रुता का भाव रखने वाले किसी भी संगठन के लिए यह समय इन हमलों का लाभ उठाने का नहीं है। इन पांच नेताओं ने कहा कि वे फलस्तीनी लोगों की वैध आकांक्षाओं को मान्यता देते हैं। इस्राइल और फलस्तीनियों के लिए न्याय और स्वतंत्रता के समान उपायों का समर्थन करते हैं। लेकिन हमास फलस्तीनी लोगों की इन आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

साथियों बात अगर हम फिलिस्तीन के समर्थन वाले देशों की करें तो, ईरान, कतर, कुवैत, लेबनान, यमन, इराक और सीरिया पूरी तरह से फिलिस्तीन के साथ हैं। पिछले दिनों इजरायल से संबंध सुधारने की दिशा में काम कर रहे सऊदी अरब ने भी इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने हमास के हमले को फिलिस्तीनियों का सेल्फ डिफेंस एक्ट बताया था। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ये ऑपरेशन सत्ता हथियाने वाले शासन के चरमपंथियों के प्रति फिलिस्तीनियों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी। उन्होंने बाकी मुस्लिम देशों से अल अक्सा मस्जिद और फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करने का आह्वान किया।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

ब्यूटी टिप्स

## शहनाज हुसैन के खूबसूरती टिप्स

**तरबूज का जूस प्रयोग करें**
तरबूज का जूस एक अच्छा स्किन टोनर है और रूखेपन को कम भी करता है।
यह त्वचा को ठंडक, रिफ्रेश और कोमल बनाता है। इसका रस चेहरे पर 20 मिनट तक लगाएं और फिर पानी से धो लें। सभी त्वचा के लिये फ्रूट मास्क केला, सेब, पपीता और संतरा जैसे फलों को मिक्स कर के मास्क बना कर चेहरे पर लगाएं। 30 मिनट के बाद चेहरे को धो लें। इससे चेहरे को ठंडक पहुंचेगी, डेड स्किन साफ होगी और सन टैनिंग मिटेगी।

**2 ---कूलिंग मास्क----------**
खीरे के रस में 2 चम्मच पावडर वाला दूध और एक अंडे का सफेद भाग मिला कर पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे और गरदन पर लगाएं और जब सूख जाए तब पानी से धो लें।

**3--- ऑइली स्किन के लिये मास्क**-1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद इसे पानी से धोलें।

**4 ----- टी बैग का प्रयोग ------**
टी बैग भी अच्छा काम कर सकते हैं। इन्हें गरम पानी में कुछ देर के लिये डालें और निचोड़ कर आंखों पर आई पैड बना कर रखें।

**5 --- रूखे, सूखे और बेजान बाल**
पानी के साथ थोड़ा सा क्रीमी हेयर कंडीशनर मिला कर स्प्रे बॉटल में भर कर रखें। बालों पर इससे स्प्रे करें और फिर कंघी से बाल झाड़ कर पूरे बालों पर इसे फैला लें।

**6 ---आई मेकअप ----------**
दिन में हमेशा आई पेंसिल का प्रयोग करें या फिर पलको को ब्राउन या ग्रेड आई शैडो से लाइन करें। इससे आंखों को सॉफ्ट इफेक्ट मिलेगा। उसके बाद आंखों पर केवल एक या दो कोट्स मस्कारा के लगाएं। इससे आंखे गहरी और चमकदार दिखेंगी।

**7 ---लिपस्टिक-------**
लिपस्टिक के लिये बहुत गहरा रंग ना चुनें जैसे, महरून आदि। आपको लाइट पेस्टल कलर जैसे पिंक, लाइट ब्राउन, कॉपर या पीच रंगों का चुनाव करना चाहिये। या फिर केवल लिप ग्लॉस ही चुनें।

## जिसकी जैसी सोच

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सर्विस रोड** से सटकर एक गाँव था। उसके बाहरी इलाके में दो गर्म खून वाले युवक बाइक से फिसलकर गिर पड़े। उधर दूसरी ओर से आ रहे एक ग्रामीण ने जोर से चिल्लाना शुरू किया झ ्हओ हरिया!, ऐ झब्बल!, अरे सुना हो गणेश! जल्दी आवा-जल्दी आवा! देखा यहाँ जोरदार एक्सीडेंट भयल बा!ह्व सभी खेत में से अपने काम छोड़-छाड़कर दौड़ते हुए आने लगे। उधर गणेश ने अपने गाँव के वाट्सप समूह में संदेश भेज दिया कि फलाँ के खेत के पास एक्सीडेंट हुआ है, जल्दी से आ जाइए। उधर गाँव के भीतर जब यह खबर पहुँची तब किसी ने किसी को बताया कि गाँव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है, तो उसने अपने साथियों को फोन लगाया और चिल्लाते हुए कहने लगा झ ्हअरे सुनते हो! गाँव के बाहर एक्सीडेंट हुआ है न जाने कितने लोग मर गए हैं पता नहीं, जल्दी करो।ह्व यह घटना अंधों के बीच हाथी वाली थी। जिसे जो समझ में आया वह बताने लाग। फिर क्या था सभी दुर्घटनास्थल पहुँचने के लिए आतुर होने लगे। जिसके पास जो गाड़ी थी वह उसी पर निकल पड़ा। जिनके पास कुछ नहीं था वे गाँव के टैंपो में ठूस-ठूस कर ऐसे बैठे जैसे एक्सीडेंट नहीं मेला देखने जा रहे हैं। कुछ सहानुभूति के लिए च...च...च...च...च... कहता तो कोई कहता बहुत दिन हुआ एक्सीडेंट देखे। एक बुजुर्ग जो एक्सीडेंट में घायल युवक को गौर से देख रहा था, अचानक कहने लगा झ ्हअरे-अरे! कितना जोरदार एक्सीडेंट हुआ है। जहाँ-तहाँ बदन छिल गया है। खून तो एकदम झरने के जैसा बहा जा रहा है।ह्व साथ में एक और बुजुर्ग खड़ा था, वह कहने लगा झ ्हजल्दी से अस्पताल को फोन लगाया जाए, हो सकता है बच जाए।ह्व पहले बुजुर्ग ने आँखें मूँदकर सिर हिलाते हुए कहा झ ्हकोई फायदा नहीं। फोन का बैलेंस बर्बाद करने के सिवाय। देखते नहीं कितनी सारी अंदरूनी चोटें आई हैं। बचना मुश्किल है।ह्व
पीड़ा से कराहते हुए एक युवक ने कहा झ ऐसा मत कहिए। जल्दी से एंबुलेस वालों को फोन लगाइए। बड़ा दर्द हो रहा है।ह्व तभी एक और आदमी पहुँचा।

# मांगों को लेकर आशा वर्करों ने पुतला फूंक जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला शहर में** आशा वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और मोदी और अमित शाह का पुतला फूका। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन ने आशा वर्कर्स को समर्थन दिया और कहा की कांग्रेस पार्टी आप के साथ है और सरकार को जल्द से जल्द आशा वर्कर्स की माँग पर विचार करना चाहिए। रोहित जैन ने कहा की आशा वर्कर्स से हर तरह का कार्य करवाया जाता है। सन 2018 के बाद से आशा वर्कर के काम में कई गुना बढ़ोतरी हुई है ' करोना काल में आशा वर्कर्स ने उल्लेखनीय कार्य किया जिसका हल्ड ने लोहा माना और उन्हें सम्मानित किया लेकिन 5 वर्षों में आशा वर्कर्स के



मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गई है। जैन ने कहा की चाहे सर्वे का कार्य हो, दवाइयां देने का कार्य हो, पेंशन के सर्वे की बात हो, आयुष्मान भारत के सर्वे की बात हो, ऑनलाइन कार्य करने का काम हो, गांव में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता का कार्य हो, हर तरह का कार्य सरकार द्वारा आशा वर्कर से करवाया जाता है परंतु इनके मेहनत के मुताबिक इन्हें मानदेय नहीं दिया जाता। जैन ने कहा की एक तरफ तो सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है लेकिन

**विरोध**

**8 आशा वर्कर्स से हर तरह का कार्य करवाया जाता है। सन 2018 के बाद से आशा वर्कर के काम में कई गुना बढ़ोतरी हुई है**

दूसरी तरफ जब आशा वर्कर्स अपनी जायज मांगों के लिए प्रदर्शन करती है तो उनकी कोई सुनवाई नहीं होती बल्कि शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रही आशा वर्कर की गिरफ्तारियां की जाती है, उन्हें धक्के मारे जाते हैं उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा की हल ही में प्रदर्शन के चलते तीन आशा वर्कर्स की मृत्यु भी हुई है जिसकी सरकार को कोई सुध नहीं है और यही कारण है की आज आशा वर्कर को अंबाला में ह्लबेटी बचाओ बेटी पढ़ाओह्व चौक पर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की आशा वर्कर्स को आंदोलन के दोरान किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकता पर वह अपनी टीम के साथ निःशुल्क सहायता उपलब्ध करवाएंगे। रोहित जैन ने सरकार से मांग की आशा वर्कर की मांगों पर तुरंत विचार कर उनके मानदेय में वृद्धि करनी चाहिए.इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तरुण चुग्घ, कांग्रेस सेवा दल जिला अम्बाला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह गुल्लू, ज़िला सेवादल उपाध्यक्ष, सरदार हरजीत सिंह बब्बल, जतिंदर पाल सोढ़ी, मनोज बॉबी, किरण राणा, अधिवक्ता शुभम अग्रवाल, अधिवक्ता शुभम कुमार, मान सिंह आदि मौजूद थे

# विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, मामला दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल। अटेली** थाना अंतर्गत आने वाले गांव बिहाली में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता के माईके पक्ष का आरोप है कि विवाहिता के ससुराल पक्ष वालों ने उसकी दहेज हत्या की है। वही ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि मृतका ने आत्महत्या की है। उन्होंने विवाहिता की हत्या नहीं की। फिलहाल पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर मृतका के पति, सास, ससुर व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव का नारनौल के नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के समय दोनों पक्षों की भारी भीड़ भी अस्पताल में जमा हो गई थी।

रेवाड़ी के गांव कोसली की लक्ष्मी की शादी करीब 11 महीने पहले गांव बिहाली के रणधीर सिंह के साथ हुई थी। गत दिवस लक्ष्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई तथा शव उसके ससुराल में घर में बेड पर पड़ा हुआ मिला। इस बारे में लक्ष्मी के भाई सोनू ने बताया कि उसकी बहन की शादी गत वर्ष 27 नवंबर को हुई थी। शादी के समय उन्होंने 5 लाख रुपए नगद, सोने की अंगूठी, सोने की चेन, चांदी की चेन, चांदी की अंगूठी तथा अन्य सामान दिया था। मांग के अनुसार उन्होंने दादी, सास, भाई को भी अलग से सोने चांदी के जेवरात दिए थे। इसके बावजूद वे बड़ी गाड़ी की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उसकी बहन लक्ष्मी

**हंगामा**

**8 विवाहिता के ससुराल पक्ष वालों ने उसकी दहेज हत्या की है। वही ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि मृतका ने आत्महत्या की है।**

का पति रणधीर उनसे गाड़ी के लिए 20 लख रुपए मांग रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर वह उसके साथ मार पिटाई करता। एक बार लक्ष्मी ने इसकी जानकारी भी दी थी। शिकायत में बताया गया है कि गत दिवस उसके पापा के पास पुलिस का फोन आया कि उसकी लड़की ने सुसाइड कर लिया है। उसने बताया कि उसके पिता असम रेजीमेंट में हवलदार के पद पर कार्यरत हैं तथा फिलहाल अरुणाचल प्रदेश में ड्यूटी दे रहे हैं। शिकायत में बताया गया है कि उसके पापा ने जब उनको फोन किया तो वह लक्ष्मी के घर पर उसके ससुराल पहुंचे। वहां पर उसने देखा कि घर पर लक्ष्मी की सास व देवरानी राजेश ही थी। रणधीर सिंह हत्या करके घर से फरार हो गया था। वही हत्या में शामिल अन्य लोग भी घर में नहीं थे। लक्ष्मी को एक कमरे में बेड पर मार कर डाला हुआ था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के 6 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए, 304 बी,120 बी और 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## न्यूज फ्लैश

### छीनाझपटी की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः सिविल** लाइन थाना पुलिस ने छीनाझपटी की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष निवासी उन्नाव व सोनू निवासी गोहाना रोड सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

समस्तीपुर बिहार हालत में कपड़ा मार्केट निवासी सीमा ने गत 9 बताया कि वह गांधी चौक स्थित बैंक से अपने कमरे पर आ रही थीं। जब वह देवी लाल चौक के पास पहुंची तो इसी दौरान बाइक सवार दो युवक आए और उनके गले से सोने का मंगलसूत्र व हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गए। दोनों झपटमार विपरीत दिशा से गीता भवन चौक की तरफ भाग निकले। उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन वह भाग निकले। जिस पर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राकेश ने बताया कि आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### महिला से दुष्कर्म व अभद्रता करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार,

**सोनीपतः** मोहाना थाना पुलिस ने दुष्कर्म, छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अशोक है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने गत 9 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि गांव का युवक अशोक उसके घर के सामने गाड़ी अड़ाकर अभद्रता करने लगा। उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। उसके साथ फिर से अभद्रता करने लगा। वह अपने घर से बाहर निकली तो उसे अभद्रता भरे इशारे करने लगा। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी महिला उप निरीक्षक संतोष ने बताया कि पीड़ित के बयान अदालत में दर्ज करवाएं गए। वहीं वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### स्कूल से घर लौट रही छात्रा से कार सवार युवकों ने की अभद्रता

**सोनीपतः सेक्टर-27** थाना सोनीपत क्षेत्र में स्कूल से घर लौट रही छात्रा से कार सवार युवकों से अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रा ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कार सवार युवकों को पता लगाने के लिए सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी शहर स्थित स्कूल में पढ़ती है। वह स्कूल से आ रही थी। उसी दौरान थार गाड़ी में सवार होकर आए युवकों ने उसकी तरफ अभद्रता भरे ईशारे किए। विरोध करने पर धमकी देने लगे। उसके बाद फरार हो गए। उसकी बेटी ने मामले को लेकर उन्हें अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी संतोष ने बताया कि इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार सवार युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा प्रदेश के स्वयं घोषित मुख्यमंत्री : देवेन्द्र गौतम, लोकसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आम आदमी पार्टी** हरियाणा के सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने गत दिनों रोहतक के ब्राह्मण सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के ब्राह्मण समाज से उपमुख्यमंत्री बनाने वाले ब्यान को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री को सपने में भी मुख्यमंत्री की कुर्सी दिखाई देती है और वह हरियाणा प्रदेश के एकमात्र स्वयं घोषित मुख्यमंत्री है। रोहतक में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन में ब्राह्मण उपमुख्यमंत्री बनाने से



लेकर अगले ही दिन अपने ब्यान से पलटते हुवे चार उपमुख्यमंत्री हरियाणा में बनाने का ब्यान दिया। उनकी ही पार्टी की एक नेता कुमारी सैलजा ने उनके द्वारा दिए गए बयानों को निराधार बताया और पार्टी हाई कमान द्वारा ऐसी कोई घोषणा ना करने वाली बात कही। लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने कहा कि इस प्रकार जात-पात के नाम पर उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा करने वाले स्वयंभू मुख्यमंत्री कभी भी सर्व समाज का भला नहीं कर सकते। देवेन्द्र गौतम ने कहा की प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी भी समाज से हो पढ़ा लिखा होना चाहिए जो समाज के प्रत्येक वर्ग का समान रूप से विकास करने में अपनी अहम भूमिका निभा सके। चंद लोगों के हित में फैसलें ना लेकर आम जनमानस के हित में पॉलिसी बनाकर उसको लागू करने करने का काम करें। आम आदमी पार्टी हरियाणा में 2024 विधानसभा चुनाव को मुद्दों पर लेकर आएगी। अबकी बार चुनाव में बात होगी स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी, सड़कों की, महिलाओं की सुरक्षा की, किसानो की आय को सुनिश्चित करने की, खिलाड़ियों के मान सम्मान की, बेरोजगार युवाओं के रोजगार की। 2024 में आम आदमी पार्टी "नेता का ही बेटा नेता बनेगा" की कहावत को गलत साबित करेगी और आम घरो के बच्चों को विधायक बनाकर विधानसभा में भेज आम जनमानस की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगी।

# किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बरोदा थाना** क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है।

बरोदा थाना क्षेत्र के गांव की किशोरी ने 21 फरवरी, 2022 को बताया था कि वह अपने घर पर अकेली थी। उसी दौरान जींद के जुलाना का रहने वाला राकेश उनके घर में घुस गया था। आरोपित चाकू दिखाकर उसे कमरे में ले गया था। वहां पर आरोपित ने उसे डराकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपित ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसी बीच उनके पिता घर पर आ गए थे। जिन्हें देखकर आरोपित भाग गया था। परिजनों ने मामले से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने किशोरी के बयान पर दुष्कर्म व 4 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए तत्कालीन जांच अधिकारी देवेंद्र ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया था, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।

# सहेली के घर गई महिला, चोरों ने घर से आभूषण व रुपये चोरी किए

## पीड़िता के बयान पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज, क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को खंगालने में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सदर थाना** क्षेत्र के कबीरपुर में घर से एक लाख रुपये नकदी व आभूषण चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

कबीरपुर निवासी बिमला ने बताया कि वह घर पर अकेली रहती है। गत 10 अक्टूबर को उसकी तबीयत खराब हो गई। वह अपनी सहेली के घर पर चली गई। जब वह वापिस अपने घर पर लौटी। उसके मकान के ताले टूटे हुए मिले। सामान की जांच की तो अलमारी से एक लाख रुपये की नकदी, दो जोड़ी कानो के बाले, एक अंगूठी सोने की, तीन जोड़ी पाजेब चोरी हुई मिली। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एसआई सुशील कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# उधार पर शराब देने से मना करने पर मारपीट की

**सोनीपतः राई थाना** क्षेत्र के गांव जगदीशपुर स्थित शराब ठेके पर उधार में शराब देने से मना करने पर युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर शराब ठेका कर्मचारी पर हमला कर दिया। आरोपितों ने दरवाजे पर लगा लोहे का जाल भी उखाड़ दिया। आरोपितों के डर से कर्मचारी रात भर खेतों में छिपा रहा। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव भावकारिया उत्तर प्रदेश निवासी सत्यप्रकाश ने पुलिस को बताया कि वह गांव जगदीशपुर स्थित शराब ठेका पर नौकरी करते है।

# भ्रूण लिंग जांच करवाने के नाम पर 50 हजार रुपये लेते हुए काबू

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों सेंटरों की मशीनों को किया सील

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** पीएनडीटी टीम ने दिल्ली के हिरणकूदना में एक क्लीनिक संचालक ने भ्रूण लिंग जांच कराने के नाम पर 50 हजार रुपये लेने के आरोपित को काबू किया है। टीम ने डिकॉय को मुंडका स्थित निजी अस्पताल में भेज दिया। वहां 2500 रुपये की रसीद काटी और रेफरल स्लिप बनाने के बाद डिकॉय को सुप्रीम डायग्नोस्टिक सेंटर भेजा गया और उसका अल्ट्रासाउंड कराया। इसके बाद महिला हिरणकूदना में क्लीनिक संचालक के पास गई। वहां क्लीनिक संचालक ने डिकॉय को उसके गर्भ में लड़का होने की जानकारी दी। इस पर सोनीपत व दिल्ली पश्चिम की पीएनडीटी टीम ने क्लीनिक संचालक को दबोच लिया और उससे 50 हजार रुपये बरामद कर लिए। इसके बाद टीम ने मुंडका के सीडी ग्लोबल अस्पताल व सुप्रीम डायग्नोस्टिक सेंटर पर जाकर अल्ट्रासाउंड मशीनों से संबंधित कागजात की जांच की। इस दौरान कमी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों सेंटरों की मशीनों को सील कर दिया। झोलाछाप चिकित्सक को मुंडका थाना पुलिस को सौंप दिया। साथ ही झोलाछाप चिकित्सक व दोनों सेंटर संचालकों के खिलाफ शिकायत दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार ने बताया कि पीएनडीटी टीम को दिल्ली में विनय क्लीनिक संचालक की ओर से भ्रूण लिंग जांच कराए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने एक डिकॉय तैयार किया और डिकॉय व विनय क्लीनिक के संचालक हिरणकूदना निवासी शेरपाल सिंह के बीच भ्रूण लिंग जांच कराने के लिए 50 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। 9 अक्तूबर को क्लीनिक संचालक ने डिकॉय से 5 हजार रुपये लिए। अगले दिन 10 अक्तूबर डिकॉय को क्लीनिक पर बुलाया गया। वहीं क्लीनिक संचालक ने उससे 45 हजार रुपये ले लिए।

# युवकों ने शराब के ठेके के सेल्समैन के साथ मारपीट की

## डायल 112 पर सेल्समैन ने दी घटना की सूचना, मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को दी शिकायत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गांव गढ़ी** झझारा के पास स्थित शराब के ठेके पर मोटर दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए यूवको ने ठेके के सेल्समैन के साथ मारपीट करने के बाद रुपए छीन लिए । घटना की सूचना ठेके के सेल्समैन ने ठेकेदार व डायल 112 पर दी । घटना की सूचना मिलने पर ठेकेदार व डायल 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना सारी शराब के ठेके पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई । ठेकेदार नियमों के पर पहुंचकर सेल्समैन को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा और मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस को दी शिकायत में ठेके के सेल्समैन जगदीश ने बताया कि बुधवार की शाम को करीब 5:00 बजे गढ़ी झझारा में वह अपने शराब के ठेके पर मौजूद था इस दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर करीब 5 - 6 अज्ञात युवक शराब के ठेके पर आए और उसके बाद मारपीट शुरू कर दी । मारपीट का जब विरोध किया तो उन्होंने गले में रखें रुपए भी छीन लिए। सेल्समैन ने घटना की शिकायत पुलिस को दी । समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था

**शराब लेने को लेकर विवाद हुआ, जांच के बाद होगी कार्यवाई : थाना प्रभारी**

इस बारे में गन्नौर थाना प्रभारी रवि ने बताया कि शराब के ठेके पर पैसे छीनने की वारदात नहीं हुई है। शराब लेने को लेकर विवाद हुआ है और उसमें दूसरे पक्ष की तरफ से भी शिकायत मिली है। दोनों पक्ष चोट लगने के कारण अस्पताल में है । दोनों पक्षों से बातचीत व जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया जाएगा।

# जल्द से जल्द चोरों को पकड़े पुलिस प्रशासन : राजीव

## राजीव जैन ने आश्वस्त किया कि जल्द ही दोषी पुलिस की गिरफ्त में होंगे

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना**
**शहर की** चार दुकानों में दो दिन पूर्व हुई चोरी की वारदात की सुचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन मौके पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। राजीव जैन ने आश्वस्त किया कि जल्द ही दोषी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

उल्लेखनीय है कि सोमवार की रात चोरों ने एक साथ चार दुकानों को निशाना बनाया था जिसमें किताबों की दुकान, फोटोस्टेट की दुकान एवं दो मोबाइल फोन की दुकान शामिल



है। चोरी हुई दुकानों से चोर काफी नगदी एवं महंगा सामान उठा ले गए थे। बुधवार की रात शहर में पहुंचकर राजीव जैन ने पीड़ित दुकानदारों से बात की और चोरों द्वारा अंजाम दी गई घटना बारे विस्तृत चर्चा की। दुकानदार जगमिंद्र जिंदल का कहना था कि चोर दुकानों की छतों पर चढ़कर सीढ़ियों का दरवाजा तोड़कर घुसे थे।

राजीव जैन ने तुरंत पुलिस अधिकारियों को फोन करके दोषियों को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए ताकि व्यापारियों के अंदर फैली दहशत कम हो सके।

उन्होंने कहा कि वारदात करने के तौर तरीकों से लगता है कि यह नशे के आदि युवकों की कारस्तानी है, इनका काम दुकानों में सेंधमारी करके नशे के लिए धनराशि चुराते रहते हैं। उन्होंने दुकानदारों से भी आग्रह किया कि वे रात में बाजारों में चौकीदार का प्रबंध अवश्य करें ताकि चोर माकेर्टों में आने का साहस न कर सकें।

# घर व दुकान से लाखों रुपये की राशि चोरी, मुकदमें दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**बहालगढ़** थाना क्षेत्र में चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर घर व दुकान को निशाना बनाकर 3.10 लाख रुपये चोरी कर लिए। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिए सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए है। गांव कुमासपुर स्थित एल्डिको सिटी निवासी राकेश उर्फ रिया ने बहालगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि उनके घर 8 अक्तूबर को तीन लाख रुपये आए थे। उन्होंने नकदी को घर के अंदर अलमारी में रख दिया था। उसके बाद 9 अक्तूबर को सुबह अलमारी खोली तो नकदी उसमें रखी थी। जिस पर वह मंगलवार को रुपये निकालने लगे तो उसमें नहीं मिले। उन्होंने पूरे घर में देखा, लेकिन नकदी का पता नहीं लगा। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है।

वहीं गांव मुकीनपुर निवासी सुधीर ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि उनकी दीपालपुर रोड बहालगढ़ में इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान है। वह मंगलवार को अपनी दुकान पर पहुंचे तो शटर टूटा हुआ मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था।

## न्यूज फ्लैश

### ब्लैकबेरीज ने भारत की पैरालंपिक समिति के साथ की साझेदारी



**नई दिल्ली।** ब्लैकबेरीज, एक महत्वाकांक्षी भारतीय पुरुष परिधान ब्रांड, जो वैश्विक भारतीयों की फैशन आवश्यकताओं को पूरा करता है, इस महीने के अंत में चीन के हांगझोऊ में होने वाले आगामी चौथे एशियाई पैरा खेलों के लिए "आधिकारिक औपचारिक भागीदार" के रूप में भारत की पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के भाग के रूप में, यह प्रतिष्ठित भारतीय कपड़ों का ब्रांड, जिसे उसके नवीन, स्टाइलिश और शार्प-फिटिंग रेंज की त्रुटिहीन गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर, 2023 के बीच होने वाली चैंपियनशिप के लिए चीन की यात्रा करने वाले पैरालंपिक एथलीटों और भारत के प्रतिनिधियों की पोशाक को तैयार करेगा। आज राजधानी में आयोजित विदाई समारोह में एक भव्य प्रेस वार्ता में, ब्लैकबेरीज ने भाग लेने वाले एथलीटों पारुल डी परमार (पैरा बैडमिंटन) और अमित सरोहा (पैरा डिस्कस और क्लब थ्रो) और पीसीआई प्रतिनिधियों के सामने आधिकारिक औपचारिक सूट का अनावरण किया और उन्हें सौंप दिया। इस आयोजन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों में श्री गुरशरण सिंह, शेफ डी मिशन, श्री सत्यनारायण, अध्यक्ष – पैरा एथलेटिक्स, श्री राहुल स्वामी, उप प्रमुख डे मिशन, श्री निखिल मोहन–सह–संस्थापक और ब्लैकबेरीज के निदेशक; श्री राजेश सेथुरमन उपाध्यक्ष–ब्लैकबेरीज में ब्रांड अनुभव; ब्लैकबेरीज में आपूर्ति श्रृंखला के महाप्रबंधक श्री प्रवीण गुप्ता और पैरा–एथलीट पारुल डी परमार (पैरा बैडमिंटन) और अमित सरोहा (पैरा डिस्कस और क्लब थ्रो) शामिल थे।

### आईसीआईसीआई बैंक ने लॉन्च किया–आईफाइनेंस–सभी के बचत और चालू खातों के लिए सिंगल व्यू

**नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने ह्यआईफाइनेंसह्न के लॉन्च की घोषणा की है, जो करोड़ों रिटेल और सोल प्रोप्राइटर्स ग्राहकों को एक ही स्थान पर अपने बचत और चालू खातों को देखने की सुविधा प्रदान करता है। अन्य बैंकों के ग्राहक भी इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जिसे आईसीआईसीआई बैंक ने बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात आईमोबाइल पे ऐप, रिटेल इंटरनेट बैंकिंग (आरआईबी), कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग (सीआईबी) और इंस्टाबिज (व्यवसायों के लिए बैंक के मोबाइल ऐप) पर अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम का लाभ उठाकर शुरू किया है। ह्यआईफाइनेंस सभी खातों का सिंगल व्यू डैशबोर्ड प्रदान करता है। उपयोगकर्ता खाते की शेष राशि की जांच कर सकते हैं, खर्च के पैटर्न पर बहुमूल्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, स्टेटमेंट डाउनलोड कर सकते हैं और इनके अलावा भी बहुत कुछ कर सकते हैं। डैशबोर्ड उपयोगकर्ताओं को महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान करता है और उन्हें खर्चों पर बेहतर नियंत्रण रखने और निर्बाध तरीके से अपने वित्त की निगरानी करने में सहायता करता है। ह्यआईफाइनेंसह्न की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए, श्री सिद्धार्थ मिश्रा, हैड – डिजिटल चैनल्स, आईसीआईसीआई बैंक ने कहा, ह्यह्यआईसीआईसीआई बैंक में हम अपने ग्राहकों को फ्यूचरिस्टिक और इनोवेटिव डिजिटल समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ह्यआईफाइनेंसह्न की लॉन्चिंग के साथ, हम अपने ग्राहकों के साथ–साथ अन्य बैंकों के ग्राहकों को भी अपने खाते का डेटा एक ही स्थान पर देखने और उन्हें अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण प्रदान करने में सक्षम बना रहे हैं।

### श्नाइडर इलेक्ट्रिक की 'इनोवेशन यात्रा' पहुंची फरीदाबाद

**फरीदाबाद।** एनर्जी मैनेजमेंट के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और नेक्स्ट जनरेशन ऑटोमेशन सॉल्यूशन में ग्लोबल लीडर, श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने भारत में कंपनी के परिचालन की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए श्नाइडर इलेक्ट्रिक इनोवेशन यात्रा की शुरूआत की है। इस यात्रा के अंतरगर्त, श्नाइडर इलेक्ट्रिक का कार्बन न्यूट्रल मोबाइल इनोवेशन हब, आज वाटिका माइंडस्केप्स, सेक्टर – 27डी, फरीदाबाद में तैनात किया गया, जहां नीति निमार्ताओं, कॉर्पोरेट्स, सरकारी अधिकारियों, छात्रों और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह कार्बन न्यूट्रल यात्रा, भारत के 60 से अधिक शहरों में जाएगी, जिसका उद्देश्य है, देश में श्नाइडर इलेक्ट्रिक की 60 साल के सफर और आईओटी, इलेक्ट्रिसिटी 4.0, ऊर्जा प्रबंधन और नेक्स्टजेन ऑटोमेशन क्षेत्र में डिजिटलीकरण तथा सस्टेनेबिलिटी में प्रगति के बारे में ज्ञान प्रदान कर, राष्ट्र निर्माण का समर्थन करने की निरंतर प्रतिबद्धता को उजागर करना। इसका उद्देश्य है, 2 करोड़ से अधिक नागरिकों, कॉरपोरेट, उद्योग विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं, भागीदारों, ग्राहकों, किसानों, इलेक्ट्रीशियन, संस्थानों, सरकार और अन्य लोगों से जुड़कर सस्टेनेबिलिटी और डिजिटलीकरण का संदेश फैलाना।

# पारंपरिक कामगारों के हुनर को मिलेगा बढ़ावा

## पारंपरिक हस्तशिल्प की कला को प्रोत्साहित कर और आगे बढ़ाना सरकार का उद्देश्य:

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**केंद्र सरकार** के वित्त विभाग के सचिव विवेक जोशी ने गुरूवार को वर्चुवल माध्यम से विश्वकर्मा योजना की वर्तमान स्थिति जानने को लेकर देशभर के उपायुक्त के साथ समीक्षा बैठक की व आवश्यक दिशा देते हुए कहा कि इस योजना के जरीये परम्परागत मजदूरों के विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देना सरकार का उद्देश्य है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा दिवस पर दस योजनाओं को लॉन्च किया था। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिये की वे ग्राम स्तर पर इस योजना का 16 अक्टूबर तक पोर्टल पर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। जोशी ने बताया कि इस योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करने वाले लोगों को न सिर्फ ट्रेनिंग दी जाएगी, बल्कि इस योजना के अंतर्गत रोजगार स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपये तक का लोन 5 प्रतिशत की दर पर मुहैया कराया जायेगा। इस योजना के तहत दिये जाने वाले प्रशिक्षण के खत्म होने पर औजार खरीदने के लिए 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। प्रार्थी इस योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक हरियाणा का स्थायी निवासी होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उसके पास आधार कार्ड,पहचान पत्र,निवास प्रमाण पत्र,मोबाइल नंबर,जाति प्रमाणपत्र,बैंक अकाउंट पासबुक होनी चाहिये।



**बैठक**

8 विश्वकर्मा योजना की वर्तमान स्थिति जानने को लेकर उपायुक्त के साथ समीक्षा बैठक की

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि निपूण और पारंपरिक कामगारों के हूनर को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने विश्वकर्मा योजना शुरू की है। इसके तहत हूनरमंद कारगीरों को 5 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा व उनके ट्रेड से संबंधित टूल कीट भी मुहैया कराई जायेगी। कामगार सीएससी के माध्यम से ऑनलाइन वेब पोर्टल पोर्टल पर आवेदन करके इसका लाभ ले सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि आवेदन के समय प्रार्थी के पास आधार कार्ड पहचान पत्र निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाणपत्र, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो होने चाहिये। इस योजना का लाभ 18 कटेगरियों के पारंपरिक कारीगरों व दस्तकारों को मिलेगा प्रशिक्षण पाने वालों को छोटे उद्योग स्थापित करने को लेकर 1 लाख से 3 लाख तक का लोन मुहैया कराकर जायेगा। इस योजना के तहत प्रति वर्ष ज्यादा से लोगों को काम काज मिलेगा।

# 'सरकार को ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मांगे माननी चाहिए'

## नेता संदीप गर्ग ने धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को दिया समर्थन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)पिपली के** गांव बिहोली पंचायत कार्यालय में पीपली ब्लॉक के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। गुरुवार को नेता संदीप गर्ग ने कर्मचारियों के बीच पहुंचकर अपना समर्थन दिया। नेता संदीप गर्ग ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी जान की बिना परवाह करें सफाई आदि करने का काम करते है। सरकार को जल्द से जल्द कर्मचारियों की मांगे माननी चाहिए। वहीं सफाई कर्मचारी प्रधान रिन्कू समानी ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांगे हैं: ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की पॉलिसी बनाकर उन्हें पक्का किया जाए, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की भर्ती 400 की आबादी पर की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में से ही सुपरवाइजर नियुक्त किया जाए, जिन कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है उनके परिजनों को नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा कि उनके रिटायर होने पर दस लाख रुपए आर्थिक सहायता की जाए। मौके पर सरपंच एसोसियासिन जिला प्रधान जितेंद्र खैरा, विक्रम सिंह बजिदपुर , रिंकू अमीन, गोबिंदा, बीरा राम मथाना, संदीप कुमार, जिया लाल, राजेंद्र कुमार, गौरव मथाना, राजपाल सिंह, कुलविन्द बोढ़ी, गुलाब सिंह सिरसला, कर्मवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए: बीइओ सुदेश कुमारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गरनाला में खण्ड स्तरीय कार्यक्रम ह्लमेरी माटी मेरा देशह्ल का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में शहीद गुरसेवक सिंह व अन्य शहीदों को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई । खण्ड के विभिन्न स्कूलों से लाई गई मिट्टी को अमृत कलश में भरकर शहीद गुरसेवक सिंह को नमन किया गया और अमृत कलष को चण्डीगढ़ भेजा गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुदेश कुमारी दवारा की गई उन्होंने ने शहीदों को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी और अपने सम्बोधन में कहा कि हमे अपने देश के शहीदों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणो की आहुति दी ` कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में शहीद गुरसेवक सिंह के पिता सुच्चा सिंह उपस्थित रहे । इस अवसर पर बीआरसी नरोत्तम सिंह, प्रधानाचार्या नीलम पघानी, सरपंच सुखदेव सिंह व पंचायत सदस्य, एसएमसी प्रधान एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। ह्लमेरी माटी मेरा देशह्ल अभियान के तहत सभी उपस्थित अतिथिगणों, स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने पंच प्राण प्रतिज्ञा ली । इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा देश-भक्ति का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।



## धान खरीद कार्यो को लेकर उपायुक्त ने प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डॉ.** शालीन ने अपने कार्यालय में जिले में चल रही धान खरीद कार्यो के दृष्टिगत खरीद एजेसिंयों के प्रतिनिधियों, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व राईज मिलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेते हुए जानकारी हासिल कर विस्तार से समीक्षा की और खरीद एजेसिंयों के प्रतिनिधियों को कहा कि वे बेहतर समन्वय बनाकर मिलर्स को धान का वितरण करने का कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने खरीद एजेन्सियों के साथ-साथ राईज मिलर्स ऐसोसिएशन के प्रधानों व अन्य से चर्चा करते हुए धान खरीद कार्य में किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं आ रही हैं।

# हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नालिस्ट ने पत्रकारों की पेंशन वृद्धि पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**हरियाणा यूनियन** ऑफ जर्नालिस्ट (ट्रेड) ने पत्रकारों की पैंशन बढ़ाए जाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल का आभार व्यक्त किया है। वीरवार को यूनियन के पदाधिकारियों ने यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष आर.पी.वशिष्ट की अध्यक्षता में मीडिया कॉर्डिनेटर रणदीप घणघस को धन्यवाद पत्र सौंपा व पत्रकारों की पेंशन 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार करने पर आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री के पत्रकारों की पैंशन बढ़ाने के फैसलें को लेकर मीडिया जगत में प्रशंसा की जा रही है। राज्य सरकार हमेशा से पत्रकारों के हित के साथ जुड़ी है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारो की पेंशन में वृद्धि करके पत्रकारों का मान-समान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस वृद्धि से पत्रकारों का मनोबल बढ़ेगा। धन्यवाद पत्र सौंपने के दौरान हुकुमचंद मेहता, कमाल हुसैन, रामकुमार इत्यादि उपस्थित रहे।



# साइबर अपराध से बचाव विषय पर एक दिवसीय सैमीनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) आर्य गर्ल्ज** कॉलेज, अम्बाला छावनी के रोटेक्ट क्लब व कम्प्यूटर विभाग द्वारा साइबर अपराध से बचाव विषय पर एक सैमीनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मिस नीलिमा, अध्यक्ष, इटरीश फांउडेशन तथा मनन और उदय ने छात्राओं को बताया कि साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसे कम्प्यूटर और नेटवर्क के गलत प्रयोग से किया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने सैमीनार के अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद दिया कि उन्होंने यह सैमीनार आयोजित कर छात्राओं को इसके प्रति आगाह करवाया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध बढ़ता जा रहा है और इसके अगले शिकार आप भी हो सकते हैं। इसलिए हमें इससे सतर्क रहना चाहिए। कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अमनदीप मक्कड़ ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि इस ज्ञान को अपने तक सीमित न रख कर सभी से सांझा करें। उन्होंने कहा कि ह्यह्यजीवन रहेगा खुशहाल तभी जब सुरक्षा नियमों को अपनाएंगे सभीह्लह्ल। प्रो. शीनम चुघ ने सैमीनार का सफल आयोजन में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि हमारा सबसे पहला काम है सुरक्षा क्योंकि जीवन सबसे अनमोल है। रोटेज्क्ट क्लब ऑफ आर्य गर्ल्ज कॉलेज की अध्यक्ष रोटेज्क्टर मिस युक्ति और रोटेज्क्टर अर्शप्रीत ने सैमीनार के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। मिस युक्ति ने कहा कि साइबर अपराध को ध्यान में रखते हुए अनजान कॉलों से भी सावधानी बरतनी चाहिए। इस अवसर पर लगभग 70 छात्राएं तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




## एमपीओसी ने अपने यूथ आउटरीच प्रोग्राम के सफल समापन का जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** मलेशियन पाम ऑइल काउंसिल (एमपीओसी) ने प्रतिष्ठित गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में आयोजित अपने यूथ आउटरीच प्रोग्राम के सफल समापन का जश्न मनाया। इस प्रोग्राम ने पाक कृतियों में एक प्रमुख घटक के रूप में पाम ऑइल की विशेष बहुमुखी प्रतिभा और स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। अनुभवी विशेषज्ञों के साथ उभरती पाककला प्रतिभाओं को एकजुट करके, इस प्रोग्राम ने व्यापक प्रशंसा प्राप्त की। "शौकिया" और "विशेषज्ञ" श्रेणियों में विभाजित प्रतियोगिता में प्रत्येक समूह में 40 छात्रों ने भाग लिया। प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए तैयार की गई "शौकिया" श्रेणी में प्रतिभागियों को एक स्टार्टर तैयार करने के माध्यम से अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करने के लिए 1 घंटे और 30 मिनट का समय मिला। इस सेगमेंट ने युवा प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मकता और खाना पकाने के जुनून को व्यक्त करने के लिए एक कैनवास प्रदान किया, जिससे उनकी पाक यात्रा के लिए मंच तैयार हुआ। मलेशियन पाम ऑइल काउंसिल की सुश्री भावना शाह, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में युवाओं के साथ बहुमूल्य ज्ञान साझा करने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही थीं। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने पाम ऑइल की विशिष्ट विशेषताओं पर प्रकाश डाला, विभिन्न पाक अनुप्रयोगों में इसकी उल्लेखनीय बहुमुखी प्रतिभा, खाना पकाने के लिए इसका उच्च स्मोक बिंदु और स्वस्थ फैटी एसिड की इसकी अनूठी संरचना पर जोर दिया, जो इसे उपभोक्ताओं के लिए एक पौष्टिक विकल्प बनाती है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए पाम ऑइल उद्योग में सस्टेनेबिलिटी पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशियन पाम ऑइल के 100 साल के इतिहास, इसके वैश्विक लाभों को रेखांकित किया।

## होटल में फौजी ने लड़की से किया दुष्कर्म, इंस्टाग्राम पर हुई थी दोनों में दोस्ती

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** मंडी अटेली कस्बा में एक नाबालिग लड़की के साथ एक फौजी ने दुष्कर्म किया। आरोपी साथ लगते राजस्थान के बहरोड़ कोटपूतली जिले का निवासी है। पीड़िता उत्तर प्रदेश की रहने वाली है जो फिलहाल रेवाड़ी में रहती है। फौजी युवक और लड़की की इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई हुई थी, उसने लड़की को मंडी अटेली के होटल में बुलाया था। लड़की ने पुलिस को बताया है कि इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती मंडी अटेली हरियाणा से सटे राजस्थान के एक गांव के युवक से हुई और दोनों में चैटिंग होती थी। युवक ने उसे मंडी अटेली के एक होटल में बुला लिया और उससे गलत कार्य किया। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि शिकायकर्ता के मंडी अटेली थाने में आने पर नाबालिग होने की बात कही थी।

# झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग और ज्यादा देगा ध्यान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**सरकार की** मिशन इंद्रधनुष योजना को जिले में कारगर रूप से लागू करने को लेकर जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में टास्क फार्स की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षा विभाग व डब्ल्युसीडी विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजना के तहत बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण 14 अक्टूबर तक होना है। अधिकारी इसे गंभीरता से ले व जिस क्षेत्र में टीकाकरण का कार्य अधुरा है उसे पूर्ण करें। कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते। उपायुक्त ने बताया कि जहां -जहां टीकाकरण नहीं हो पाया है पाया है पहले इमानदारी से उसका सर्वे करें व उसके बाद टाकीकरण का कार्य करें। उपायुक्त ने स्वस्थ्य विभाग व आयुष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये की व जहां -जहां जिस मात्रा में टीकाकरण हुआ है उसे पोर्टल पर अपलोड करना ना भुले। उपायुक्त ने बताया कि इंद्रधनुष मिशन योजना को कामयाब करने को लेकर सरपंचों, ग्राम सचिवों की भी सहायता ले सकते हैं। उपायुक्त ने अधिकारियो को निर्देश दिये की वे इस फेज के कार्यक्रम में टीकाकरण का प्रतिशत 100 पार होना चाहिये। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की वे जागरूकता कार्यक्रम में और गति प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत आहुजा ने बताया कि बापौली व पानीपत का कुछ हिस्सा ऐसे बचा है जहां पर और ध्यान देने की जरूरत है। इसमें शिक्षा विभाग की मदद से इंद्रधनुष मिशन योजना को कामयाब किया जायेगा।




# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे हार्ट एवं कैंसर हॉस्पिटल का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**समर्पण चैरिटेबल** ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर राकेश गर्ग, महासचिव गंगाराम मंगला ने बताया कि 15 अक्टूबर 2023 को प्रातः 11 बजे भारत के 14वें राष्ट्रपति माननीय श्री रामनाथ कोविंद एवं ट्रस्ट से जुड़े लगभग 1000 ट्रस्टियों द्वारा समर्पण हॉट एंड कैंसर हॉस्पिटल का शिलान्यास एक भव्य आयोजन के रूप में किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव संजय बंसल ने बताया हॉस्पिटल दिल्ली से मात्र 20 किलोमीटर दूर और पानीपत से 40 मिनट की दूरी पर टीडीआई सिटी कुंडली जिला सोनीपत में बनने जा रहा है। इसका निर्माण दो चरणों में किया जाएगा प्रथम चरण में एक वर्ष के अंदर 50 बेड का हॉस्पिटल और 3 वर्षों में 500 बेड का हॉस्पिटल समाज को समर्पित किया जाएगा। यह हॉस्पिटल अत्याधुनिक होगा जिसमें हृदय और कैंसर से संबंधित बीमारियों के इलाज के साथ-साथ उन पर शोध कार्य भी किए जाएंगे। सचिव अमित राज गुप्ता ने बताया कि इस हॉस्पिटल में गरीब लोगों के लिए निशुल्क इलाज की सुविधा भी होगी एवं सभी बीमारियों का इलाज रियायती दरों पर किया जाएगा । समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट विगत 9 वर्षों से लगातार निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्त दान शिविर आयोजित कर स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराकर लोगो की सेवा कर रहा है। हमारे देश की संस्कृति को बचाने और इसके प्रचार प्रसार और इसके संरक्षण के लिए भव्य श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव और श्री मद भागवत महा पुराण कथा जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी करता रहा है। कोरोना महामारी के समय हजारों लोगो को ऑक्सीजन सिलेंडर और भोजन उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने के सराहनीय कार्य भी इस ट्रस्ट ने किए हैं। एक मेडिसिन बैंक भी यह ट्रस्ट चला रहा है जिसमें एकत्रित कर उन्हें जरूरतमंद लोगों तक निशुल्क वितरित किया जाता है। ट्रस्ट निशुल्क एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध करा रहा है। प्रकृति के संरक्षण और वातावरण को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण जैसे महान कार्य भी आप की संस्था कर रही है समर्पण हार्ट एंड कैंसर हॉस्पिटल के निर्माण से हरियाणा, दिल्ली और देश विदेश के लोगो को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी। करनाल, पानीपत और सोनीपत से लेकर दिल्ली तक इस प्रकार का अत्याधुनिक अस्पताल अभी तक उपलब्ध नहीं है।



# आज होगी जिला के करीब 1100 स्कूलों में यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा: प्रदीप कुमार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**पुलिस** महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे (हरियाणा) करनाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सड्क सुरक्षा परीक्षा 13 अक्टूबर 2023 को होगी। जिला कुरुक्षेत्र के करीब 1100 स्कूलों के 1.5 लाख विद्धार्थी यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा देंगे । पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र सुरेन्द्र सिंह भोरिया के मार्ग-दर्शन में होने वाली इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक यातायात प्रदीप कुमार ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर पुलिस विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर को सुबह समय 10 से 11 बजे तक जिला कुरुक्षेत्र के 1100 स्कूलों में जिला के करीब 1.5 लाख लाख विद्धार्थी इस परीक्षा में बैठने वाले हैं। डीएसपी ने कहा कि इस परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



**प्रश्नोत्तरी**

8 जिला कुरुक्षेत्र के करीब 1100 स्कूलों के 1.5 लाख विद्धार्थी यातायात प्रश्नोतरी परीक्षा देंगे

# रानी बाग: भव्य होगी श्री नवयुवक रामलीला कमेटी की 50वी गोल्डन जुबली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**श्री नवयुवक** रामलीला कमेटी द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का भूमि पूजन पूरे विधि विधान से करने के बाद अब कमेटी ने रामलीला मंचन का पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया हैं।
कार्यक्रम रानी बाग स्थित रामलीला मैदान में 15 अक्तूबर से 25 अक्तूबर तक रात्रि आठ बजे से बारह बजे तक चलने वाला हैं।

**कमेटी पचास वर्ष पूरे होने पर मना रही गोल्डन जुबली:** श्री नवयुवक रामलीला कमेटी इस बार रामलीला का आयोजन भव्य तरीके से करने की बात कह रही हैं। क्योंकि इस बार श्री नवयुवक रामलीला कमेटी की यह पचासवीं रामलीला होगी, जिसको गोल्डन जुबली के रूप में मनाने वाली हैं, जिसकी तैयारियों में कमेटी दिन रात






जुटी पड़ी हैं। श्री नवयुवक रामलीला कमेटी के चेयरमैन उमा शंकर झा ने बताया की कमेटी का प्रत्येक पदाधिकारी रामलीला महोत्सव की तैयारियों में पूरी मेहनत के साथ जुटा हुआ हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी रामलीला का आयोजन पिछले वर्ष से अधिक भव्य होगा। वहीं उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी भव्य व मनमोहक झांकियों के साथ-साथ राम जन्म व राम विवाह आदि का भव्य आयोजन होगा।

**15 को होगा गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन:** श्री नवयुवक रामलीला कमेटी के प्रधान पुरूषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन 15 अक्टूबर को गणेश वंदना के साथ शुरू होगा। 16 अक्टूबर को नारद मोह के साथ ही राम जन्म होगा। 17 अक्तूबर को राम करेंगे शिव धनुष भंग उसके उपरांत होगा रामसीता विवाह। 18 अक्तूबर को राम जी वनवास के लिए प्रस्थान करेंगे। तो वही, 19 अक्तूबर को दिखाया जाएगा भरत मिलाप, भाई के प्रति भाई का समर्पण एवंम त्याग का परिचय। 20 अक्टूबर को होगा सीता हरण, दुष्टो के संहार के लिए शक्ति का अदृष्य होकर प्रभु राम जी द्वारा नर लीला में सहयोग करना।
21 अक्तूबर को लंका दहन होगा, अनेक शक्तियों का वानर रूप में प्रभु राम से मिलना तथा आसुरी अभिमानियों को बलरूपी प्रदर्शन से समझाना। 22 अक्तूबर लक्ष्मण मूर्छा, इंद्रजीत की शक्ति से कैसे हुए थे लखन मूर्छित।
23 अक्तूबर को कुंभकरण और मेघनाथ वध दिखाया जाएगा और उसके उपरांत असत्य पर सत्य की जीत रावण वध दशहरा महोत्सव मनाया जायेगा।

# जहांगीरपुरी: सभी को करनी चाहिए पेड़-पौधों की रक्षा: जितेन्द्र


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी जितेन्द्र ढीका ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की



तरह करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये, जिससे की क्षेत्र हरा-भरा और स्वच्छ नजर आये। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां एक और क्षेत्र हरा-भरा नजर आता है, वहीं पेड़-पौधों से हमें फल, फूल और कई प्रकार की औषाधियां भी प्राप्त होती है, इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। जिससे की आपके आस-पास का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# गांवों व किसानों को परेशान करना बंद करे सरकार: थान सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व सह प्रमुख सुनील शर्मा ने भलस्वा गांव के कानून के छात्र यमन यादव ने अपनी दादा लाई कृषि भूमि के बारे में जानकारी कई बार पत्रों व आर टी आई तहत मांगी जिसका दिल्ली सरकार के अधिकारियों द्वारा जवाब नहीं दिए जाने पर विरोध दर्ज कराया।
इस पर पूर्व परिवहन एवं विकास मंत्री देवेन्द्र सिंह शौकीन ने दिल्ली सरकार को हर जिला मुख्यालय में गांव व किसानों के लिए एकल खिडकी खोलने की मांग की है। ताकि गांवों व किसानों को कृषि भूमि व अन्य सुविधाओं के लिए दर दर भटकना ना पडे। दिल्ली




सरकार ने कृषि भूमि का वर्ष 1998 में नोटिफिकेशन कर अधिग्रहण कर लिया। जिसमें इनको दो एकड़ भूमि होने का पता चला। जिसके संबंध में ये लगातार भूमि अधिग्रहण अधिकारी उतरी से जानकारी मांग रहे हैं।

**अधिकारी नही देते है उचित जवाब:** यमन यादव ने 13 मार्च 2023 से आज तक कई बार पत्राचार व आरटीआई द्वारा जानकारी मांगी। लेकिन एल ए सी के द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई।इसके उपरांत में स्वयं भूमि अधिग्रहण अधिकारी व संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी के लिए मिला। लेकिन उनका व्यवहार ठीक नहीं रहा।ओर जवाब देने के लिए साफ मना कर दिया गया।
इस संबंध में यमन यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया। इस व्यवहार से यह लगता है कि हमारे बुजुर्गों के साथ भी न्याय नहीं किया गया होगा। और ऐसे ही किसानों की भूमि हडपने का प्रयास रहा होगा। कानून का विद्यार्थी होने के बावजूद इनको कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। इससे लगता है कि इस अधिग्रहण की प्रक्रिया में संबंधित विभाग की मिलीभगत रही होगी।
उस गलती को छुपाने के लिए इस भूमि से संबंधित सभी अधिकारी मिले हुए हैं। और इनको कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं।
पंचायत संघ ने इस संबंध में माननीय उप राज्यपाल व दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री से इस अधिग्रहण की प्रक्रिया की जांच व अधिकारियों की जवाब देही तय करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# शकूरपुर: मेरा वार्ड मेरी जिम्मेदारी के तहत वार्ड-62 में चलाया गया सफाई अभियान









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मेरा वार्ड** मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम के तहत त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 को नंबर वन बनाने हेतु वार्डवासीयो के साथ मिलकर पार्षद किशन बेमाड ने निगम कर्मियों की सहायता से वार्ड स्थित अशोक पार्क में गेट नंबर तीन के बाहर वाले पार्क में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ साथ इलाके के सैंकड़ों लोग भी मोजूद रहे। इस मौके पर पार्षद किशन बेमाड़ ने बताया कि मेरा वार्ड़ मेरी जिम्मेदारी के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें जितना योगदान हमारे निगम के सफाई कर्मचारियों का हैं, उतना ही सहयोग हमारे स्थानीय लोगों का भी बराबर का योगदान रहा हैं।
**पार्षद ने की लोगों से अपील:** इस दौरान पार्षद किशन बेमाड़ ने लोगों से अपील करते हुए कहा हैं कि, निगम के कर्मचारी अपना काम पुरी जिम्मेदारी से तो कर ही रहें हैं, लेकिन साफ सफाई की जिम्मेदारी जितनी शासन प्रशासन की होती हैं, उतनी ही हमारी होती हैं। कुड़ा कचरा हमें जहां तहां नही फैंकना चाहिए, कूड़े को हमेशा कुडेदान में फैंके और दुसरों को भी गंदगी फैलाने से मना करें। साफ-सफाई हमारे लिए बहुत जरूरी हैं, क्योंकि स्वच्छ वातावरण से ही हमें स्वच्छ वायु मिलेगी और स्वास्थ भी हमेशा ठीक रहेगा।

# त्रीनगर: विधायक की लापरवाही के चलते मूलभुत सुविधाओं से त्रस्त हैं त्रीनगर के लोग




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**(महेंद्र सिंह)**
**हर पांच** साल में चुनाव इसलिए होते हैं कि जनता अपनी पसंद व काम करने वाला नेता चूने, जिसे वोटिंग करके इस उम्मीद के साथ चुनती हैं कि वह जनता का हितेशी होगा, उनके सुख-दुख का साथी तो हो ही बल्कि उनकी समस्याओं का सुनकर उनका निदान कर सकें। लेकिन कुछ चुनिंदा विधायक तो ऐसे हैं जो कि चुनाव के दौरान ही इलाके में नज़र आते हैं, और जीतने के बाद गायब हो जाते हैं।
यहां पर हम बात कर रहे हैं त्रीनगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी की विधायिका प्रीती तोमर की, जिनसे त्रीनगर वार्ड के लोग खासा नाराज़ चल रहें हैं।

**टूटियों से आता हैं बदबूदार दुषित पानी:** स्थानीय लोगों की माने तो त्रीनगर वार्ड-63 में काफी लंबे समय से पीने के पानी की समस्या काफी गंभीर हैं, दिल्ली जल बोर्ड की टूटियों में पानी तो नही आता हैं,बस टूटियों से हवा ही बाहर आती हैं, और कभी कभी गलती से पानी आ भी जाए तो वह इतना गंदा होता हैं कि पीना तो दूर की बात हैं नहाना भी मुश्किल हैं। वहीं लोगों ने बताया कि सालों से गलीयों के सीवरों की सफाई नही करवाई गई हैं जिसके चलते गंदगी से सीवर बंद हो गए हैं, नतीजन सीवर रोजाना ओवर-फ्लो रहता हैं और सीवर का सारा गंदा पानी सड़को में फैल जाता हैं, जिससे कि खतरनांक बीमारी फैलने का भी खतरा मंडराता रहता हैं।



**श्याम सिंह (स्थानीय निवासी)** ने बताया कि महीनों से ही पीने का पानी नही आ रहा हैं, और कभी कभी गलती से भी पानी आ भी जाए तो वह इतना गंदा व बदबूदार होता हैं कि उसे पीना तो दूर की बात हैं, नहाना भी मुश्किल हैं। जिसके चलते हमको रोजाना मोल खरदकर पानी पीना पड़ रहा हैं।



**संगीत चामरिया (स्थानीय निवासी)** का आरोप हैं कि चुनाव जीतने के बाद से ही विधायक को क्षेत्र मे कभी नही देखा हैं। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है, जिसके चलते लोग पेट और त्वचा संबंधी रोगों का शिकार हो रहे हैं। विधायक व जलबोर्ड से शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई हैं।



**जगदीश कुमार (स्थानीय निवासी)** का कहना हैं कि हमारे इलाके मे जहां एक ओर तो पीने के पानी समस्या हैं तो दुसरी ओर पीडब्ल्यूडी की सड़को का इतना बूरा हाल हैं कि पता ही नही चलता हैं कि सड़कों पर गड्डे हैं या फिर गड्डों मे सड़क हैं। विधायक बिल्कूल भी क्षेत्र में ध्यान नही दे रहें हैं।



**उमेश गोयल (स्थानीय निवासी)** ने बताया कि जिस दिन पानी आता है, उस दिन किचन में जाकर बार- बार नल खोलकर देखना पड़ता है कि कहीं गंदा पानी आना तो शुरू नहीं हो गया। पीने व नहाने के लिए बीस रुपये की दर से डिब्बा बंद पानी खरीदना पड़ता है। पानी की किल्लत से बच्चे भी परेशान हैं, लेकिन समस्या का हल कोई नहीं

# परमजीत सिंह पम्मा की किए हुए कार्य पर दो गीत रिलीज


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सोशल** मीडिया व बीबीसी से एंग्री मैन का खिताब पा चुके वह नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह द्वारा किए गए कार्यों एक कार्यक्रम में डॉ आर एन कालरा सीईओ एवं चिकित्सा निदेशक कालरा हॉस्पिटल, जी के भारती अधिवक्ता माननीय सर्वोच्च भारत की अदालत और दिल्ली उच्च न्यायालय, डॉ. आचार्य जीतू सिंह दो गीत रिलीज किया जोकि पंजाबी में गए गए हैं इन्हें लिखा है मशहूर लेखक बलविंदर सिंह सोढ़ी और गया है युवा गायक संगीत वर्मा ने गया उसके बोल तू हसदा वसदा रह पम्मया. बस सेवा




लिए तू जमेया, व संदीप राणा ने गया उसके बोल है समय दिया सरकारा नु, पम्मा खरिया सुनावे जैसे गाने का कर सबका मन मोह लिया इसमें जो वीडियो एल्बम साथ में बनी है, उसमें ओमा द्वारा क्यों है, विभिन्न कार्यों को पम्मा किया गया है।
इस अवसर पर पर डॉक्टर कालरा ने कहा परमजीत सिंह पम्मा हमेशा समाज के हितों के लिए कार्य करते रहते हैं जबकि इनकी कई बार तबीयत ठीक नहीं रहती मगर इनके हौसले में कोई कमी नहीं आती। बलविंदर सिंह सोढ़ी ने कहा कि मैं लगभग 29 वर्षो से देख रहा हूं परमजीत सिंह पम्मा को इसी प्रकार धरने प्रदर्शन कर-के लोगों की आवाज उठाते रहते हैं उनके इस हौसलों को देखते हुए मेरे मन में आया। क्यों ना जो यह कार्य कर रहे हैं उनके ऊपर कुछ गीत लिखे जाए जिससे समाज को इनके क्यों है।

# बुनकर कॉलोनी: सभी को गरीब व असहायों की मदद करनी चाहिए: बत्तरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष इन्द्रकुमार बत्तरा ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की दिलखोल कर सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सेवा करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और दूसरों को भी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवनदान मिल सकता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और



दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती है, बल्कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवनदान अवश्य ही मिल जाता है।

# बादली: आप ने किया दिल्ली की जनता को गुमराह: धर्मवीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही जनहित में कार्य किया है। यही कारण है कि देश की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि शहर ही नहीं गांव में भी विकास की बयार देखने को मिल रही है, आज गांव के रोड़ भी सड़कों की तरह चमकते हुए नजर आ रहे है। आज



किसान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की प्रसन्ना कर रहा है। धर्मवीर यादव ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते प्रदेश के लोग काफी ज्यादा परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि आम आदमी के राज में कागजों में तो विकास नजर आ रहा है लेकिन धरातल पर विकास नहीं है, जिसके चलते लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आगे बताया कि अब तो निगम व दिल्ली सरकार में दोनों जगह आम आदमी पार्टी है, लेकिन फिर भी दिल्ली में विकास की गति धीमी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 13 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने की एआईआईबी के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल जो हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष भी हैं ने आज हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर परियोजना की प्रगति पर चर्चा करने के लिए एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठक की। इस परियोजना में राज्य में हाई राइज ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) के साथ एक नई 126 किमी ब्रॉड गेज डबल लाइन भी शामिल है। इस परियोजना का भाग-ए में 2077 करोड़ रुपये की लागत से धुलावट से बाडसा तक मुख्य लाइन में 29.50 किमी और पातली में रेवाडी लाइन और सुल्तानपुर में गढ़ी हरसरू-फरुखनगर लाइन सहित भारतीय रेलवे नेटवर्क से 11.40 किमी की कनेक्टिविटी होगी। एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) ने इस परियोजना के भाग ए के लिए 128 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण स्वीकृत किया है। बैठक के दौरान एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के प्रतिनिधिमंडलों में प्रोजेक्ट टीम लीडर श्री वेन्यू गु और वरिष्ठ परिवहन विशेषज्ञ, एआईआईबी सुश्री ऐनी ओंग लोपेज और परिवहन विशेषज्ञ एआईआईबी ने परियोजना के व्यापक निष्पादन पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और परियोजना के बारे में एचआरआईडीसी और एचओआरसी के तहत वित्तीय प्रयासों को जारी रखने में उत्सुकता जताई। मुख्य सचिव ने हरियाणा को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर उनकी प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक सराहना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने एचओआरसी परियोजना की संतोषजनक फिजिकल और वित्तीय प्रगति की भी सराहना की।

## हरियाणा: ऑपरेशन रैपिड रिपोर्ट की शुरूआत की

**चंडीगढ़:** एफएसएल के निदेशक एडीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि राज्य की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) ने ऑपरेशन रैपिड रिपोर्ट की शुरूआत के साथ फोरेंसिक परिचालन दक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। इस सुव्यवस्थित कदम का उद्देश्य संवेदनशील मामलों के लिए रिपोर्टिंग समयसीमा को घटाकर 15 दिन करना है, जिसमें प्रयोगशाला के विभिन्न परिचालन पहलुओं को परिष्कृत करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किए गए उपाय शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन रैपिड रिपोर्ट का उद्देश्य संवेदनशील मामलों में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) और डीएनए रिपोर्ट की त्वरित डिलीवरी है, जिसे अब 15 दिनों के लिए निर्धारित किया गया है। इस ऑपरेशन के तहत एक विशेष कार्यक्रम को पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा) और बलात्कार के मामलों में डीएनए रिपोर्ट के साथ-साथ एनडीपीएस अधिनियम के तहत वाणिज्यिक और मध्यवर्ती मात्रा के मामलों को वर्गीकृत करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। यह प्रयास गहन सामाजिक प्रभाव वाले महत्वपूर्ण मामलों के प्रसंस्करण को प्राथमिकता देने और तेज करने पर केंद्रित/आधारित है। श्री सिंह ने बताया कि हरियाणा में एफएसएल के भीतर प्रत्येक परीक्षण इकाई के लिए परिचालन बेंचमार्क को तैयार कर प्रत्येक टेंस्टिंग यूनिट के लिए उपकरणों सहित उपलब्ध मानव-घंटे निर्धारित किए गए हैं।

# 'विश्व में शांति की गारंटी है सनातन धर्म'

**हरियाणा के रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी, सरसंघचालक मोहन भागवत**

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक/लखनऊ**
सनातन धर्म विश्व में शांति की गारंटी है। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति का बोध वाक्य ही सनातन धर्म का सत्य है। सभी मत, पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय से जुड़े संतजन उसी सत्य की उपासना के लिए और उसकी पुनर्प्रतिष्ठा के लिए अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। भारत की संत शक्ति कभी पलायन का रास्ता नहीं अपनाती। वो हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है और इसका उद्देश्य केवल लोक कल्याण है। गांव गांव में जनजागरण कर रहे हमारे संतगण आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को ही सिद्ध कर रहे हैं। ये बातें गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा मस्तनाथ मठ द्वारा ब्रह्मलीन महंत श्री चांदनाथ जी योगी के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रोहतक में कही। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ



के सरसंघचालक मोहन भागवत, योगगुरु स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानंद महाराज और बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बाबा बालकनाथ सहित देशभर से आए हजारों की संख्या में संतों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत की सनातन परंपरा का वाहक है। सनातन धर्म एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति के बोध वाक्य का सत्य है। उस सत्य तक पहुंचने के लिए हमारे पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय, मत अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। रास्ते अलग अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक है और ये मंजिल है सत्य सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के कार्य को एकजुट होकर पूरी मजबूती के साथ स्थापित करना।

**शांति**

> आज भी भारत पूरी मजबूती के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है। जिन्हें सनातन पर विश्वास नहीं था वो श्रीराम मंदिर के नाम से ही भागते थे। मगर जिन्हें सनातन धर्म पर विश्वास था उन्हें अपने कर्म पर विश्वास था। जो लोगों के लिए असंभव था आज नये भारत ने उसे संभव बना दिया है। पूरी दुनिया में वर्तमान में संघर्ष चल रहा है, मगर विश्व शांति की गारंटी केवल सनातन धर्म और भारत ही है। दुनिया में संकट के समय हर देश, हर धर्मावलम्बी और हर पीड़ित भारत की ओर आशा की नजरों से देख रहा है। उसे भरोसा है कि भारत उसकी आस और विश्वास बनेगा। आज का ये समारोह उसी अभियान को मजबूती प्रदान करता है। ये नाथ संप्रदाय के पवित्र संतों की साधना स्थली है। आज बाबा चांदनाथ जी के संकल्पों को महंत बालकनाथ योगी तत्परता और दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं, जो अभिनंदनीय और सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी सभी प्रकार के मौलिक अधिकारों के साथ जी रही है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक आज भी भारत पूरी मजबूती के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में अपने आप को स्थापित कर रहा है, तो उसके पीछे गांव गांव में जनजागरण कर रहे हमारे पूज्य संतजन हैं, जो अपने ईष्ट की अराधना के साथ ही सनातन धर्म की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देते हैं।

# अंतर-राज्यीय नार्को-मॉड्यूल का भंडाफोड़



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**
**30 किलोग्राम को**कीन, पांच करोड़ रुपये की नकदी, 40 नकली वाहन नंबर प्लेट्स, पासपोर्ट और एक जर्मन निर्मित रिवॉल्वर की जब्ती के साथ जम्मू कश्मीर पुलिस ने अंतर-राज्यीय नार्को-मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। प्रदेश पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर नार्को आतंकी मॉड्यूल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉड्यूल का नेटवर्क उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से पंजाब के लुधियाना तक मिला है। पुलिस ने इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को

**शिकंजा**

> 30 किलोग्राम कोकीन, 40 नकली वाहन नंबर प्लेट्स, पासपोर्ट और एक जर्मन निर्मित रिवॉल्वर की जब्ती

गिरफ्तार किया है। इनमें चार कुपवाड़ा से और चार पंजाब से हैं। डीजीपी दिलबाग सिंह ने जम्मू में जिला पुलिस लाइन (डीपीएल) ने बताया कि रामबन पुलिस ने एक वाहन को रोका था, जिसमें से 30 किलोग्राम कोकीन जैसा पदार्थ बरामद किया गया।

# खनन घोटाले की ईडी जांच में आएगी तेजी




**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**सपा सरकार** में हुए खनन घोटाले की जांच फिर से तेज होने जा रही है। करीब डेढ़ साल तक ठंडे बस्ते में रहने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में नए जांच अधिकारी की तैनाती की गई है। बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई के अलावा ईडी भी खनन घोटाले की जांच कर रहा है। इसमें तत्कालीन खनन मंत्री गायत्री प्रजापति के साथ कई आईएएस अधिकारी भी जांच के दायरे में आए थे। ईडी गायत्री प्रजापति को दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के साथ ही करोड़ों की संपत्ति जब्त कर चुका है। ईडी ने आईएएस अधिकारियों से भी पूछताछ की थी लेकिन जांच पूरी नहीं हो सकी। इसमें सबसे बड़ी अड़चन खनन पट्टे

**घोटाले की जांच**

> कई बार ईडी के अधिकारियों ने फाइलें देने के लिए शासन से पत्राचार किया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला

आवंटित करने से संबंधित 23 फाइलें नहीं मिलने की वजह से आई थी। सूत्रों की मानें तो इन अधिकारियों को नोटिस देकर पूछताछ के लिए तलब किया जाएगा।
वहीं, कई बार ईडी के अधिकारियों ने फाइलें देने के लिए शासन से पत्राचार किया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। अब नए सिरे से जांच शुरू करने के साथ शासन से दोबारा फाइलें मुहैया कराने का पत्र लिखा जाएगा।

# राघव के सरकारी आवास आवंटन मामले में हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली हाई** कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के सरकारी आवास के आवंटन को रद्द करने के राज्यसभा सचिवालय की हाउस कमेटी के आदेश पर रोक लगाने की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस अनूप जयराम भांभानी की बेंच ने आज दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। राघव चड्ढा की तरफ से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि 8 सितंबर, 2022 को उपराष्ट्रपति ने टाइप सात बंगला आवंटित किए जाने को मंजूरी दी थी। क्योंकि पंजाब से उनको मिल रही धमकियों की वजह से जेड प्लस सुरक्षा मिली है। सुरक्षा



पुनरीक्षण समिति ने भी टाइप छह बंगले को चड्ढा की सुरक्षा के लिहाज से अनुपयुक्त बताया था। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मामला है, जहां उपराष्ट्रपति, जो देश के सर्वोच्च अथॉरिटी में से एक होते हैं, उन्होंने फाइल पर पूरी तरह से विचार कर फैसला लिया था। सिंघवी ने कहा कि उपराष्ट्रपति ने बंगला आवंटित करने का आदेश दिया था लेकिन राज्यसभा आवास आवंटन करने वाली समिति ने 3 मार्च को टाइप सात बंगला खाली करने का नोटिस भेज दिया जबकि याचिकाकर्ता करीब साल भर से यहां रह रहा था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने आवास

**सुनवाई**

> 8 सितंबर, 2022 को उपराष्ट्रपति ने टाइप सात बंगला आवंटित किए जाने को मंजूरी दी थी

आवंटन समिति को पत्र लिखा लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। नोटिस के 10 दिनों के भीतर याचिका दाखिल कर दी गई। सिंघवी ने कहा कि राघव चड्ढा को पंजाब में सुरक्षा मिली हुई है लेकिन ऐसा नहीं किया जा सकता कि दिल्ली में सुरक्षा कम कर दी जाए और यहां मेरी हत्या हो जाए।

## आत्मीय संबध के आधार पर विकसित होता है संगठन: नंद किशोर

**भागलपुर:** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अध्यक्षता में संगठन मजबूती को लेकर बैठक की गयी। जिसमे पूर्व मंत्री सह पटना साहिब विधायक नंद किशोर यादव एवं प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा के कार्यकर्ता के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा के वरिष्ठ विधायक नंद किशोर यादव ने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन आत्मीय संबध के आधार पर विकसित होता है।

## यमुना नदी में डूबे पांच बच्चे, एक की बची जान

**टीम एक्शन इंडिया/शामली**
**यूपी से** लगती हरियाणा सीमा के थाना सनौली के गांव तामसाबाद में बृहस्पतिवार को नहाते समय पांच बच्चे यमुना के कुंड में डूब गए। एक को तो मौके से ही ग्रामीणों ने सकुशल निकाल लिया। लेकिन करीब तीन घंटे बाद एक का शव निकाला गया। वहीं, तीन की तलाश में गोताखोरों की टीम जुटी हुई है। मगर सफलता नहीं मिल सकी है। यूपी के गोताखोरों से भी सहयोग मांगा गया है।

# जदयू के पूर्व विधायक ने दिया इस्तीफा

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
जदयू के कई नेता लगातार जदयू से इस्तीफा देकर अलग पार्टियों में शामिल हो रहे है। जदयू से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसा ही कुछ गुरुवार को भी हुआ। दरअसल चेनारी से जदयू के पूर्व विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष ललन पासवान ने आज जदयू के इस्तीफा दे दिया। इससे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जोरदार झटका लगा है। ललन पासवान कई दिनों से पार्टी से नाराज चल रहे थे। ललन पासवान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह को चिट्ठी लिखकर गंभीर



आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पत्र में पूर्व विधायक ने लिखा है - "बिहार में आतंक और गुंडा राज स्थापित करने वाले लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल से समझौता करने के बाद दलितों पर हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और इसकी रोकथाम की दिशा में राज्य सरकार की तरह कोई कठोर कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में मैं जनता दल (यू) की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा देता हूँ "।

**इस्तीफे का दौर**

> जदयू से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं की संख्या ज्यादा है, जदयू को लग रहे झटके

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही जदयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन जदयू से इस्तीफा दे दिए थे।




पुण्य कमाया

## 3 महिलाओं ने मुखाग्नि दी, कहा- हो सकता है वे पूर्वजन्म के संबंधी हों

# बालासोर ट्रेन हादसा: 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/भुवनेश्वर**
ओडिशा के बालासोर ट्रेन हादसे के 4 महीने बाद 28 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। भरतपुर शवागार में मंगलवार शाम से शुरू हुई प्रक्रिया बुधवार सुबह पूरी हो गई। इस दौरान सीबीआई के अधिकारी भी मौजूद रहे। एम्स भुवनेश्वर ने नगर निगम को सभी डेड बॉडी डिस्पोज करने की जिम्मेदारी दी थी। पहले तीन शवों को तीन महिलाओं ने मुखाग्नि दी। मधुमिता प्रुस्टी (37), स्मिता मोहंती (53) और स्वागतिका राव (34) ने बताया- ये शव पुरुषों के थे या महिलाओं के, इनका धर्म या जाति क्या थी



हम नहीं जानते। वे इंसान थे और इसी नाते हमने उन्हें सम्मान के साथ विदा किया। हो सकता है ये लोग पूर्वजन्म में हमारे संबंधी रहे हों। मेयर सुलोचना दास ने बताया- ये शव पिछले चार महीने से डीप फ्रीजर में रखे-रखे बर्फ में तब्दील हो गए थे। पहचान करना मुश्किल था कि शव महिला का है या पुरुष का। शवों को मुखाग्नि देने और बाद में फूल चुनने के लिए एक की मदद ली गई। इसी साल 2 जून को बालासोर में 3 ट्रेनों की टक्कर में 297 लोगों की मौत हुई थी। इसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए।

**ऐसे हुआ था हादसा:** 2 जून की शाम को चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस मेन लाइन की बजाय लूप लाइन में चली गई, जहां मालगाड़ी खड़ी थी। ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। कोरोमंडल और मालगाड़ी की कुछ बोगियां बगल के ट्रैक पर बिखर गईं।
इसके थोड़ी देर बाद ही ट्रैक पर बिखरे डिब्बों से हावड़ा-बेंगलुरु एक्सप्रेस टकरा गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, हादसे में 293 से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए।